प्रेरितों के काम की पुस्तक

अध्याय दो

संरचना और विषय-वस्तु

THIRD MILLENNIUM MINISTRIES

Biblical Education. For the World. For Free.

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें- http://thirdmill.org

© 2012 थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस प्रकाशन के किसी भी भाग का समीक्षा, टिप्पणियों या लेखन के लिए संक्षिप्त उद्धृणों के प्रयोग के अतिरिक्त, किसी भी रूप में या धन अर्जित करने के किसी भी साधन के द्वारा प्रकाशक से लिखित स्वीकृति के बिना पुन: प्रकाशित करना वर्जित है। Third Millennium Ministries, Inc., P.O. Box 300769, Fern Park, Florida 32730-0769.

थर्ड मिलिनियम की मसीही सेवा के विषय में

1997 में स्थापित, थर्ड मिलिनियम मसीही सेवकाई एक लाभनिरपेक्ष मसीही संस्था है जो कि ***मुफ्त में, पूरी दुनिया के लिये, बाइबल पर आधारित शिक्षा*** मुहैया कराने के लिये समर्पित है। उचित, बाइबल पर आधारित, मसीही अगुवों के प्रशिक्षण हेतु दुनिया भर में बढ़ती मांग के जवाब में, हम सेमनरी पाठ्यक्रम को विकसित करते हैं एवं बांटते हैं, यह मुख्यतः उन मसीही अगुवों के लिये होती है जिनके पास प्रशिक्षण साधनों तक पहुँच नहीं होती है। दान देने वालों के आधार पर, प्रयोग करने में आसानी, मल्टीमिडिया सेमनरी पाठ्यक्रम का 5 भाषाओं (अंग्रेजी, स्पैनिश, रूसी, मनडारिन चीनी और अरबी) में विकास कर, थर्ड मिनिलियम ने कम खर्च पर दुनिया भर में मसीही पासबानों एवं अगुवों को प्रशिक्षण देने का तरीका विकसित किया है। सभी अध्याय हमारे द्वारा ही लिखित, रुप-रेखांकित एवं तैयार किये गये हैं, और शैली एवं गुणवता में द हिस्टरी चैनल © के समान हैं। सन् 2009 में, सजीवता के प्रयोग एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट चलचित्र उत्पादन के लिये थर्ड मिलिनियम 2 टैली पुरस्कार जीत चुका है। हमारी सामग्री डी.वी.डी, छपाई, इंटरनेट, उपग्रह द्वारा टेलीविज़न प्रसारण, रेडियो, और टेलीविज़न प्रसार का रूप लेते हैं।

हमारी सेवाओं की अधिक जानकारी के लिये एवं आप किस प्रकार इसमें सहयोग कर सकते हैं, आप हम से http://thirdmill.org पर मिल सकते हैं।

विषय-वस्तु सूची

पृष्ठ संख्या

१. परिचय 1
२. आलंकारिक रणनीति 1
क. घोषित उद्देश्य 2
1. ऐतिहासिक विवरण 2
2. सुसमाचार का सन्देश 4
ख. अधिकार पर निर्भरता 5
1. वे वचन 5
2. कार्य 7
ग. ढाँचागत नमूना 8
1. सारांशित कथन 8
2. कलीसियाई विकास 9
३. विषय सामग्री 10
क. यरूशलेम 11
ख. यहूदिया और सामरिया 13
ग. पृथ्वी के छोर तक 13
1. फीनीके, कुप्रुस और अन्ताकिया 14
2. कुप्रुस, फ्रूगिया और गलातिया 14
3. एशिया, मकिदुनिया, और अखाया 15
4. रोम 16
४. आधुनिक उपयोग 17
क. साहित्यिक चरित्र 17
1. चयनित 17
2. प्रासंगिक 18
3. अस्पष्ट 18
ख. असंगतियाँ 21
1. भिन्न समय 21
2. भिन्न परिस्थितियाँ 22
ग. निरन्तरता 23
1. एक ही परमेश्वर 23
2. एक ही उद्देश्य 24
3. एक ही सुसमाचार 24
५. सारांश 25

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें- http://thirdmill.org

प्रेरितों के काम की पुस्तक

अध्याय दो

संरचना और विषय-वस्तु

परिचय

एक शिक्षक होने के नाते, मुझे कभी कभी संसार के कई देशों में यात्रा करने का अवसर प्राप्त होता है। प्रत्येक यात्रा से पहले, मैं सदैव दो महत्वपूर्ण बातों को समझना सुनिश्चित करता हूँ। पहला, मुझे यह जानने की आवश्यकता है कि मैं कहाँ जा रहा हूँ। और दूसरा, मुझे यह जानना है कि मैं एक स्थान से दूसरे स्थान कैसे जा रहा हूँ। क्या मैं हवाई जहाज से जाऊँगा? क्या मुझे बस पकड़नी होगी? या यातायात के किसी अन्य रूप का उपयोग करना होगा? ठीक है, कुछ इसी तरह की बात सच है जब हम प्रेरितों के काम की पुस्तक को पढ़ते हैं। यह सहायता करती है कि कहानी किस दिशा की ओर जा रही है और हमें हमारे गन्तव्य तक पहुँचाने के लिए लूका किस तरह की साहित्यिक तकनीकों या रणनीतियों का उपयोग कर रहा है।

प्रेरितों के काम की पुस्तक की हमारी श्रृंखला का यह दूसरा अध्याय है। इस श्रृंखला में, हम आरम्भिक कलीसिया के विवरण की खोजबीन कर रहे हैं जिसमें वह यीशु की सेवकाई को जारी रखती है। हमने इस अध्याय का शीर्षक "संरचना और विषय-वस्तु" रखा है क्योंकि हम उन तरीकों को देखेंगे जिनमें लूका ने अपनी सामग्री को व्यवस्थित किया, और उस सन्देश को देखेंगे जिसे वह सिखाने की चाहता था।

प्रेरितों के काम की संरचना और विषय-वस्तु की हमारी खोज तीन भागों में विभाजित होगी। सबसे पहिले, हम इस पुस्तक की आलंकारिक रणनीति की जाँच, इस बात की ओर देखते हुए करेंगे कि प्रेरितों के काम को लिखने की लूका की शैली, जिस प्रकार से हम इसे समझाते हैं उसे कैसे प्रभावित करती है। दूसरा, हम पुस्तक की विषय-वस्तु की जाँच इसकी सामग्री की व्यवस्था को देखते हुए करेंगे, और विचार करेंगे कि पहली शताब्दी में इसे कैसे समझा गया होगा। और तीसरा, पुस्तक के वर्तमान में उपयोग के लिए हम एक नमूने का सुझाव देंगे, इस बात पर विचार करते हुए कि लूका का प्राचीन संदेश हमारे दिनों में कैसे आधिकारिक तौर पर बात करता है। आइए, सबसे पहले प्रेरितों के काम की पुस्तक की आलंकारिक रणनीति पर ध्यान देते हैं।

आलंकारिक रणनीति

जब कभी भी हम बाइबल की कोई पुस्तक को पढ़ते हैं, तो उस तरीके से परीचित हो जाना महत्वपूर्ण है जिसमें लेखक अपने दृष्टिकोणों के द्वारा अपने पाठकों को प्रोत्साहित करता है। हमें इस तरह के प्रश्नों को पूछना चाहिए: लेखक ने इस पुस्तक को क्यों लिखा? अपने दृष्टिकोण को स्थापित करने के लिए कौन से अधिकारिक लेखों का उसने प्रयोग किया? और उचित निष्कर्ष तक अपने पाठकों का मार्गदर्शन करने के लिए कैसे उसने अपनी पुस्तक की रूपरेखा बनाई है? इन प्रश्नों के उत्तर कई सारी अन्तर्दृष्टि को उत्पन्न करती है, कि हमें इन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

जब हम प्रेरितों के काम की पुस्तक की ओर बढ़ते हैं, तो हम लूका की आलंकारिक रणनीति के तीन पहलुओं पर अपना ध्यान केन्द्रित करेंगे। पहला हम इसके घोषित उद्देश्य के बारे में बात करेगें। दूसरा, हमें उसके अधिकार पर निर्भरता का उल्लेख करेंगे। और तीसरा, हम कुछ ढाँचागत नमूनों के बारे में बातचीत करेंगे जिनका उसने इस पूरी पुस्तक में उपयोग किया गया है। आइए प्रेरितों के काम की पुस्तक को लिखने के लूका के घोषित उद्देश्य की जाँच से आरम्भ करें।

घोषित उद्देश्य

जब लोग अच्छी खासी लम्बाई और जटिलता के साहित्य को लिखते हैं, तो सामान्यतः उनके कई इरादें और उद्देश्य होते हैं। और यही बात लूका के लिए भी सत्य थी जब वह लूका के सुसमाचार और प्रेरितों के काम की पुस्तक के अपने दो-संस्करणों को लिखता है। वह आशा करता है कि उसका लेखन कार्य थियुफिलुस और कलीसिया के जीवनों को कई भिन्न तरीकों से प्रभावित करेगा। इसलिए, हमें उसके उद्देश्यों को कम करके नहीं समझने के लिए सावधान रहना चाहिए। परन्तु फिर भी, लूका ने स्पष्ट कहा है कि लेखन कार्य के लिए उसके पास एक उद्देश्य था।

जैसा कि हम देखेंगे कि, लूका ने स्पष्टता से कहा कि जब वह इसे लिखता है तो उसके पास दोहरा उद्देश्य था। एक ओर तो, लूका यह घोषित करता है कि उसका ऐतिहासिक उद्देश्य था, पहली शताब्दी की कलीसिया की एक सच्ची और विश्वासयोग्य ऐतिहासिक कहानी को लिखने की इच्छा। और दूसरी ओर, वह यह घोषणा करता है कि उसके कुछ विशेष धर्मवैज्ञानिक इरादे थे: सुसमाचार के सन्देश की सत्यता और महत्वपूर्णता को प्रमाणित और बताने की इच्छा। एक सच्चे ऐतिहासिक विवरण को लिखने के उसके इरादे से आरम्भ करते हुए, हम लूका के दोहरे उद्देश्य के दोनों पहलुओं को देखेंगे।

ऐतिहासिक विवरण

लूका 1:1-3 में, अपने सुसमाचार की प्रस्तावना में, लूका ने यह इंगित किया है वह आरम्भ की कलीसिया का इतिहास लिखने के बारे में बहुत ज्यादा उत्सुक था। वहाँ पर उसके शब्दों को सुनिए:

> **बहुतों ने उन बातों का जो हमारे बीच में बीती हैं, इतिहास लिखने में हाथ लगाया है, जैसा कि उन्होंने जो पहले ही से इन बातों के देखनेवाले और वचन के सेवक थे, हम तक पहुँचाया। इस लिए, हे श्रीमान् थियुफिलुस, मुझे भी यह उचित मालूम हुआ कि उन सब बातों का सम्पूर्ण हाल आरम्भ से ठीक ठाक जाँच करके उन्हें तेरे लिए क्रमानुसार लिखूँ (लूका 1:1-3)।**

इस अनुच्छेद में सच्चे इतिहास को लेकर लूका की चिन्ता कई तरीकों से स्पष्ट है। उसका यह कहना कि, "उन बातों का जो हमारे बीच में बीती हैं," का अर्थ यह है कि, वे ऐतिहासिक घटनायें जो घटित हो चुकी हैं। लूका यह भी उल्लेख करता है कि उसने इनके बारे में "प्रत्यक्षदर्शियों" अर्थात् चश्मदीदों से विचार विमर्श किया है और "सावधानी से जाँच करके" इनके विवरणों का वर्णन किया है। साथ ही उसने "क्रमानुसार विवरण" लिखने में भी सावधानी बरती है ताकि जिस सत्य की वह सूचना दे रहा है वह स्पष्टता और सटीकता से बताई जा सके।

संक्षेप में, लूका का सुसमाचार और प्रेरितों को काम की पुस्तक के अपने दो-संस्करणों से लूका एक सच्चे ऐतिहासिक विवरण को देना चाहता था, सुसमाचार में यीशु के जीवन के साथ आरम्भ करते हुए और पहली-शताब्दी की कलीसिया में प्रेरितों के काम की पुस्तक में जारी रहते हुए। लूका सच्चे इतिहास को लिखने के बारे में चिन्तित था क्योंकि वह सम्पूर्ण बाइबल में दोहराये गए एक मौलिक सिद्धान्त को समझता था: परमेश्वर स्वयं को वास्तविक इतिहास के द्वारा स्थान और समय में प्रगट करता है। वह अपने उद्धार और न्याय को लाने के बारे में इतिहास के माध्यम से काम करता है।

दुर्भाग्य से, हाल की शताब्दियों में कई आलोचनात्मक विद्वानों ने यह तर्क दिया है कि "मुक्ति" और "न्याय" की अवधारणाएं वास्तविक इतिहास से बिलकूल अलग है। सामान्यत: उन्होंने यह निश्चयपूर्वक कहा है कि परमेश्वर के अलौकिक कार्य इतिहास में, यानी वास्तविक स्थान और समय में प्रगट नहीं होते हैं। इसकी बजाय वे यह विश्वास करते हैं कि वास्तविक इतिहास केवल स्वभाविक है, न कि अलौकिक। परिणामस्वरूप, जब आलोचनात्मक धर्मशास्त्री पवित्रशास्त्र में परमेश्वर के कार्यों के बारे में पढ़ते हैं, तो वे अक्सर इन घटनाओं को तथ्यहीन धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति के रूप में देखते हैं, एक तरह से "धार्मिक कपोलकथा।"

परन्तु लूका स्वयं स्पष्ट करता है कि वह कोई धार्मिक कपोलकथा को लिखने की कोशिश नहीं कर रहा था; उसका इरादा वास्तविक इतिहास का वर्णन करना था। तथ्य तो यह है, कि, उसने इस तरह से लिखा जिससे कि उसके दावे को सत्यापित या खण्डन करना आसान बनाता है। एक उदाहरण के रूप में, लूका ने अपने लेखन कार्य को प्रसिद्ध ऐतिहासिक संदर्भों की सीमाओं के भीतर ही लिखा। प्रेरितों के काम की पुस्तक में, उदाहरण के लिए, हम इन पुरूषों के नामों को पाते हैं जैसे कि गमलीएल, 5:34 में, गल्लियो 18:12 में, फेलिक्स, 23:26 में और फेस्तुस, 24:27 में, यह सभी प्राचीन यहूदी और रोम के संसार में जाने-पहचाने लोग थे। इन पुरुषों और अन्य ऐतिहासिक बारीकियों का उल्लेख करके, लूका अपने पाठकों के लिए स्वतंत्र रूप से अपने शोध की जाँच करने को आसान बनता है। वे अन्य लोगों के साथ बातें कर सकते थे जिन्हें इन लोगों और घटनाओं का ज्ञान था जिनका उसने वर्णन किया, और कुछ मामलों में वह इन्हीं विषयों पर दूसरों के लेखन को पढ़ सकते थे। यदि लूका का विवरण तथ्य सम्मत नहीं होता, तो शंकावादियों को इसका खण्डन करना आसान हो गया होता।

विशेष रूप से 19 वीं शताब्दी के अन्त के बाद से, कई विद्वानों ने बाइबल के अलाव दूसरे लेखन और अन्य पुरातात्विक विवरणों के साथ तुलना करके प्रेरितों के काम की पुस्तक की ऐतिहासिक सच्चाई की जाँच की है। इन अध्ययनों में से कइयों ने कई तरीकों से यह संकेत दिया है जिनमें लूका एक विश्वसनीय इतिहासकार था, लेकिन समय हमें केवल एक जोड़ी विशिष्ट उदाहरण का उल्लेख करने की अनुमति देगा।

पहला, प्रेरितों के काम 28:7 में, लूका विशेष ऐतिहासिक शब्दावली के ज्ञान को प्रदर्शित करता है। वहाँ उसने माल्टा द्वीप के प्रधान को "द्वीप के सबसे पहले व्यक्ति" के रूप में सम्बोधित किया है। इस असामान्य शब्दावली ने सदियों से कई अनुवादकों को पहेलियों में डाला हुआ है, लेकिन हाल ही के पुरातात्विक अनुसन्धान ने यह प्रगट किया है कि यह वास्तव में उस समय के प्रधान का आधिकारिक पद था।

दूसरा, प्रेरितों के काम 27:21-26 में, लूका ने जहाज में प्रगट किए गए पौलुस के व्यवहारों को उन तरीकों से वर्णन किया है जिनको कि ऐतिहासिक अनुसन्धान द्वारा प्रमाणित किया गया है। वहाँ पर लूका लिखता है कि पौलुस ने बड़े तूफान के दौरान जहाज के पूरे नाविक दल को जो उसे रोम ले जा रहे थे प्रोत्साहित किया और सुझाव दिया। अतीत में कई आलोचनात्मक विद्वानों ने बहस की है कि एक कैदी के रूप में पौलुस के लिए इस तरह से खुले तौर पर बात करना असम्भव रहा होगा। इस कारण, उन्होंने यह सार निकाला कि लूका ने प्रेरित का एक काल्पनिक वीर चित्र उत्पन्न किया था। परन्तु हाल के अनुसन्धान शोध यह दिखाते है कि पहली

सदी में समुद्री कानून, जब जहाज गंभीर खतरे में होता था तो किसी को भी बात करने और चालक दल को सलाह देने की अनुमति देता था ।

ये उदाहरण लूका की इतिहास के तथ्यों के प्रति निष्ठा को दिखाते हैं। और वास्तविक ऐतिहासिक घटनाओं को लिखने का उसका इरादा हमें यह स्मरण दिलाता है कि परमेश्वर का शाश्वत सत्य जीवन की असली वास्तविकताओं से अलग नहीं है। इसकी बजाए, बाइबल पर आधारित विश्वास में, उद्धार वास्तविक इतिहास में और उसके माध्यम से आता है। इसलिए ही लूका एक सच्चे ऐतिहासिक विवरण को लिखने के लिए इतना चिंतित था।

सुसमाचार का सन्देश

लूका के ऐतिहासिक उद्देश्य को अपने मन में रखते हुए, हमें लूका के इरादे के दूसरे पहलू का उल्लेख करना चाहिए: प्रेरितों के काम की पुस्तक में सुसमाचार के सन्देश की वास्तविकता और सामर्थ्य को संचारित करने का धर्मवैज्ञानिक उद्देश्य। लूका 1:3-4 के शब्दों को एक बार फिर सुनिए:

> **मुझे यह उचित मालूम हुआ...उन सब बातों का सम्पूर्ण हाल... ताकि तू यह जान ले कि वे बातें जिनकी तू ने शिक्षा पाई है, कैसी अटल हैं (लूका 1:3-4)।**

जैसा कि हम यहाँ पर देखते हैं, लूका ने प्रेरितो के काम का इतिहास थियुफिलुस और अन्यों ने जो शिक्षा पाई थी उसकी पुष्टि करने के लिए लिखा। इसका अर्थ है कि प्रेरितों के काम की पुस्तक सही अर्थों में धर्म शिक्षा की प्रश्नोत्तरी वाली पुस्तक या उपदेशात्मक इतिहास के रूप में चिन्हित की जा सकती है। लूका चाहता था कि थियुफिलुस और उसके अन्य पाठकगण एक विशेष तरह के दृष्टिकोण, विशेष तरह की धर्मवैज्ञानिक प्रतिबद्धताओं, ऐतिहासिक घटनाओं पर कुछ निश्चित धर्मवैज्ञानिक दृष्टिकोणों को जिनका कि उसने प्रेरितों के काम की पुस्तक में विवरण दिया है, उसको अपनाएँ।

जैसा कि हमने पहले के पाठ में देखा, लूका इस संसार और सम्पूर्ण इतिहास को मसीह के प्रभुत्व और राज्य की नजरों से देखता था। उसने पुराने नियम की आशाओं और प्रतिज्ञाओं को यीशु और उसकी कलीसिया के द्वारा पूरा होते हुए देखा। और वह चाहता था कि थियुफिलुस भी आरम्भ की कलीसिया की घटनाओं के उसके लेख को इन्हीं नजरों से देखे, कि कैसे मसीह ने, परमेश्वर के आत्मा के द्वारा, मसीह में परमेश्वर के राज्य को स्थापित किया और उसे निरन्तर बनाता जा रहा है। इसलिए, जब हम आज प्रेरितों के काम की पुस्तक को पढ़ते हैं, तो हमें सदैव ध्यान में रखना है कि लूका केवल सच्चे तथ्यों का ही विवरण नहीं दे रहा था ताकि हम सिर्फ यह जाने कि बहुत पहले कौन सी घटनायें घटी थीं। इसकी बजाय, वह हमारा ध्यान उन शिक्षाओं की ओर भी आकर्षित कर रहा था जो कलीसिया के लिए मूलभूत थी: अर्थात् पवित्र आत्मा के माध्यम से मसीह के सतत् काम करने के लिए विश्वसनीय गवाह ।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें- http://thirdmill.org

अधिकार पर निर्भरता

लूका के द्वारा घोषित दोहरे उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, हम अब आलंकारिक रणनीति के एक दूसरे पहलू पर ध्यान देने के लिए तैयार हैं: अधिकार पर उसकी निर्भरता। लूका ने यह दावा नहीं किया है कि उसने ऐतिहासिक और धर्मवैज्ञानिक सत्यों को स्वयं के अधिकार पर आधारित होकर लिखा है, परन्तु इसकी बजाए उसने मसीह और प्रेरितों के अधिकार पर आधारित हो कर इन्हें लिखा है। इस तरह से, लूका ने सुसमाचार के लिए एक सच्चे गवाह के रूप में कार्य किया।

एक बात जो प्रेरितों के काम की पुस्तक में आश्चर्य करने वाली है, कि इसकी सामग्री उन लोगों के शब्दों और कार्यों से भरी हुई है जो मसीह के प्रत्यक्षदर्शी गवाह थे। जब मसीह स्वर्गारोहित हुए, तब उन्होंने अपने प्रेरितों को उसके गवाहों के रूप में नामित किया और उस पर निर्भर रहते हुए, उन्हें अधिकार दिया कि वे उसके राज्य के कार्य को जारी रखें। उन्होंने समय समय पर अपने संदेश को प्रचारित करने के लिए भविष्यद्वक्ताओं और कलीसिया के अन्य प्रमुख अगुवों को भी सशक्त किया। और जब लूका थियुफिलुस और व्यापक कलीसिया पर अपने दृष्टिकोण के लिए जोर डालने की कोशिश करता है, तो वह बार-बार अपने स्वयं के दृष्टिकोणों को बताने एवं अधिकार देने के लिए आरम्भ की कलीसिया के अगुवों की ओर देखता है, विशेष रूप से प्रेरितों और भविष्यद्वक्ताओं की ओर।

अधिकार पर लूका की निर्भरता का और अधिक बारीकी से पता लगाने के लिए, हम दो विषयों पर ध्यान केन्द्रित करेंगे। सबसे पहले, हम लूका के उन तरीकों पर ध्यान देंगे जिनमें उसने आधिकारिक वचनों को प्रयोग किया है। और दूसरा, हम आधिकारिक कार्यों के लिए उसके संदर्भों को देखेंगे। आइए वचनों के ऊपर लूका द्वारा जोर दिए जाने से आरम्भ करें जिन्होंने कलीसिया में अधिकार को संचालित किया।

वे वचन

जैसा कि हमने अपने पहले के अध्याय में उल्लेख किया है, लूका एक प्रेरित नहीं था। शायद वह विश्वास में मसीह के स्वर्गारोहण के बाद आया। पौलुस के साथ और उसके बिना अपनी यात्राओं में, लूका ने यीशु और प्रेरितों की सेवकाई की जाँच की, और प्रभु के चुने हुए प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही को लिखा।

हाँ, एक मायने में, मसीह के सभी अनुयायी उसके गवाह हैं। लेकिन जब कलीसिया स्थापित की जा रही थी, यीशु ने प्रेरितों को अपने अचूक गवाह होने के लिए अधिकृत किया था। वे ही ऐसे लोग थे जिन्हें उसने अपनी अनुपस्थिति में पृथ्वी पर स्थायी रूप से, आधिकारिक गवाहों के तौर पर नियुक्त और सशक्त किया गया था। इस के अलावा, प्रभु ने भविष्यद्वक्ताओं और कलीसिया के अन्य आधिकारिक अगुवों को, जैसे कि लूका को, सामयिक आधार पर आधिकारिक तौर पर गवाही देने के लिए बुलाहट दी थी।

आधिकारिक वचनों को प्रस्तुत करने के लिए लूका का सबसे विशिष्ठ तरीका था उपदेशों को लिखना। केवल कलीसिया की शिक्षा के ऊपर अपनी टिप्पणी देने के बजाय, लूका ने नियमित रूप से बड़े-बड़े उपदेशों को लिखा, जिसमें उसने प्रभु यीशु के आधिकारिक प्रतिनिधियों को उसके इतिहास में सक्रिय पात्र के रूप में स्वयं के लिए बोलने की अनुमति दी।

वास्तव में, प्रेरितों के काम की लगभग तीस प्रतिशत सामग्री वाद विवाद, विचार विमर्श, व्यक्तिगत् भाषणों, सन्देशों और अन्य तरह के मौखिक प्रस्तुतिकरण से मिलकर संगठित हुई है। किसी अन्य प्राचीन लेख में पाए जाने वाले उपदेश सामग्री से यह कई प्रतिशत ज्यादा है, शायद इसलिए, क्योंकि प्रेरितों के अधिकार के

लिए अपील के रूप में लूका उपदेशों पर निर्भर था। कुल मिलाकर, प्रेरितों के काम में लगभग 24 उपदेश हैं: आठ पतरस की ओर से, नौ पौलुस की ओर से, एक स्तिफनुस की ओर से, एक याकूब की ओर से, और कुछ अन्यों से। और इन उपदेशों में से ज्यादातर प्रेरितों द्वारा दिए गए हैं; बाकी ज्यादातर भविष्यद्वक्ताओं और कलीसिया के प्रमुख अगुवों ने दिए हैं।

परन्तु यह क्यों महत्वपूर्ण है? प्रेरितों के काम के उपदेश हमें यह बताते हैं कि आरम्भ की कलीसिया के अगुवे कौन थे और विभिन्न विषयों के बारे में वे क्या सोचते थे। वे हमें यह दिखाते हैं कि चेले क्यों मसीह के लिए सताए जाने को तैयार थे। वे मसीह के लिए प्रेरितों की सेवकाई के गवाह हैं और उसके राज्य के निर्माण के लिए उनके निर्देशों का लेख हैं। साथ में वे आरम्भ की कलीसिया के इतिहास पर लूका के दृष्टिकोणों को भी अधिकृत करते हैं।

अब, उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में कई ऐसे आलोचनात्मक विद्वान हैं जो यह स्वीकार नहीं करते कि लूका ने उन उपदेशों के सच्चे विवरणों को दिया है जिन्हें उसने प्रेरितों के काम में सम्मिलित किया है। और हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्राचीन संसार के ऐतिहासिक विवरणों में ऐसे उदाहरण हैं जिनमें उपदेश तथ्य पर आधारित नहीं होते थे।

परन्तु कई आलोचनात्मक और सुसमाचारीय विद्वान इस ओर संकेत देते हैं कि लूका के दिनों से पहले, उस दौरान और उसके बाद में कई इतिहासकारों ने यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है कि उनके इतिहास में उपदेश वास्तविक उपदेशों के सच्चे प्रस्तुतिकरण थे। और वास्तव में, जब हम प्रेरितों के काम में उपदेशों को निकटता से देखते हैं, तो हमें निरूत्तर करने वाले प्रमाण मिलते हैं कि लूका उन विश्वसनीय इतिहासकारों में से एक था, इसलिए जिन उपदेशों को उसने इसमें सम्मिलित किया है वे वास्तव में आधिकारिक प्रेरिताई शिक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

हमें प्राथमिक तौर पर प्रेरितों के काम में पाए जाने वाले उपदेशों के लेख पर भरोसा है क्योंकि लूका पवित्र आत्मा के द्वारा एक अचूक और आधिकारिक इतिहास लिखने के लिए प्रेरित था। परन्तु फिर भी, ऐसे कम से कम चार अन्य तरीके हैं जिनके द्वारा हम प्रेरितों के काम की पुस्तक में दिए गए उपदेशों को वास्तविक उपदेशों के सही प्रतिनिधित्व के तौर पर देख सकते हैं।

पहला, उपदेशों की अपनी स्वयं की शैली है। प्रेरितों के काम के अन्य भागों के साथ तुलना करने पर, वे एक सरल शैली के साथ स्वाभाविक जान पड़ते हैं। उनमें से कुछ रूखी, अशिक्षित यूनानी भाषा का उपयोग करते हैं। यह दिखाता है कि वक्ताओं ने जो कुछ वास्तव में बोला लूका उसे ही लिखने के लिए ज्यादा चिन्तित था, इसकी बजाए कि वह उनके उपदेशों को संशोधित करता और इनमें कुछ परिवर्तित करता।

दूसरा, उपदेश अपने सम्बन्धित संदर्भों में बहुत अच्छी तरह फिट बैठते हैं। प्रत्येक उपदेश वक्ता और श्रेताओं के सटिक अनुरूप है। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम अध्याय 4 में, एक लंगड़े व्यक्ति को चंगा करने के बाद पतरस यहूदी अगुवों से बात करता है। और यद्यपि उसका उपदेश मसीह में उद्धार की घोषणा करता है, जिसकी हम अपेक्षा कर सकते हैं यदि लूका ने इसे आविष्कृत किया था, पतरस अपने वचनों के प्रमाण के रूप में सीधे चंगाई का अपील करता है। इसके अलावा, अविश्वासी यहूदी अगुवे पतरस का विरोध नहीं कर सके क्योंकि उन्होंने स्वयं चंगाई को घटित होते हुए देखा था।

बिल्कुल इसी तरह में, पौलुस के उपदेश अपने सम्बन्धित संदर्भों को दर्शाते हैं। उदाहरण के लिए प्रेरितों के काम अध्याय 13 में, वह पिसिदिया अन्ताकिया में यहूदियों और परमेश्वर से डरने वालों से भिन्न तरह से

बात करता है और उसकी तुलना में वह प्रेरितों के काम के अध्याय 17 में स्तोईकी और इपिकूरियों से बहुत ही अलग ढँग से बात करता है।

तीसरा, प्रत्येक उपदेश अपने वक्ता के व्यक्तित्व को दर्शाता है। जबकि सामान्य विषयों की आशा जा सकती है, प्रत्येक वक्ता चारित्रिक विशेषताओं को प्रदर्शित करता है। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम के अध्याय 20 में पौलुस का इफिसियों के अगुवों को दिए गए उपदेश और पौलुस के पत्रों में पाई जाने वाली कई समानताएं है। यह ठीक ऐसा ही उपदेश है जिसकी अपेक्षा हम इन पत्रों के लेखक से कर सकते हैं।

चौथा, कुछ स्थानों में, लूका स्पष्ट तौर पर कहता है कि उसने कुछ विशेष उपदेशों को संक्षिप्त किया या उनका सार दिया है। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम अध्याय 2:40 में, वह यह उल्लेख करता है कि पतरस ने "कई अन्य वचनों" को भी बोला। यह हममें विश्वास उत्पन्न करता है कि लूका का लक्ष्य सामान्य रूप से वास्तविक उपदेश को उनके मूल संदर्भों में पूर्ण प्रस्तुतिकरण के लिए प्रदान करना था।

इन और अन्य कई तरीकों से, हम आश्वस्त हो सकते हैं कि लूका ने ऐतिहासिक तौर पर सच्चे उपदेशों को प्रदान किया। उसने प्रेरितों के काम में अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए इन्हें न तो आविष्कृत किया और न ही इन्हें गढ़ा है। इसकी बजाए, वह अपनी टिप्पणियों और कथा विस्तारण के लिए अपने अधिकार को प्रेरितों के वास्तविक आधिकारिक गवाहों पर आधारित करता है।

आधिकारिक वचनों को वर्णित करने के अलावा, प्रेरितों के काम की पुस्तक के द्वारा अपने धर्मवैज्ञानिक सन्देश को अवगत कराने के लिए लूका आरम्भ की कलीसिया में किए गए आधिकारिक कार्यों के ऊपर भी निर्भर होता है।

कार्य

पवित्र आत्मा ने कई आश्चर्यजनक तरीकों से प्रेरितों को– और कई बार आरम्भ की कलीसिया में भविष्यद्वक्ताओं और अन्य मुख्य अगुवों को सशक्त किया - जिसने उनके सुसमाचार संदेश को मान्यता दी। आश्चर्यकर्मों के द्वारा, चंगाई से लेकर मृतकों को जिलाने के नाटकीय आत्मिक वरदान के द्वारा, पवित्र आत्मा ने यह गवाही दी कि प्रेरित लोग मसीह के आधिकारिक प्रतिनिधि थे।

प्रेरितों के काम 13:7-12 पर ध्यान दें, जहाँ पौलुस की सेवकाई को पाफुस के राज्यपाल के सामने मान्यता मिली। वहाँ दिए गए लूका के इस विवरण को सुनिए:

> **वह हाकिम सिरगियुस पौलुस के साथ था, जो कि एक बुद्धिमान पुरूष था। उसने बरनबास और शाऊल को अपने पास बुलाकर परमेश्वर का वचन सुनना चाहा। परन्तु इलीमास टोन्हें ने...उनका विरोध करके हाकिम को विश्वास करने से रोकना चाहा। तब...पौलुस ने, पवित्र आत्मा से परिपूर्ण हो उसकी ओर टकटकी लगाकर देखा और कहा, "...प्रभु का हाथ तुझ पर लगा है, और तू कुछ समय तक अन्धा रहेगा और सूर्य को न देखेगा।" तब तुरन्त धुंधलापन और अन्धेरा उस पर छा गया और वह इधर उधर टटोलने लगा ताकि कोई उसका हाथ पकड़ के ले चले। तब हाकिम ने जो कुछ हुआ था उसे देखकर प्रभु के उपदेश पर विश्वास किया (प्रेरितों के काम 13:7-12)।**

जब इलीमास ने सुसमाचार में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की, तो पवित्र आत्मा ने पौलुस को सशक्त किया कि उसे अन्धेपन से ग्रसित कर दे। और पौलुस की शिक्षाओं और कार्यों ने राज्यपाल को सहमत कर लिया कि उसका सुसमाचार सच्चा था।

लूका ने आधिकारिक वचनों और कार्यों को वर्णित किया ताकि उसके पाठक उसके द्वारा लिखे हुए लेखन की सत्यता से सहमत हो जाएँ। वह चाहता था कि उसके पाठक देखें कि प्रेरित लोग प्रभु यीशु की ओर से अधिकृत किए गए थे, और जब कलीसिया मसीह पर निर्भरता रखते हुए परमेश्वर के राज्य के निर्माण को निरन्तर जारी रखती है तो वह सभी स्थानों एवं सभी पीढ़ीयों में उनकी गवाही का पालन करने के लिए बाध्य हैं।

अब क्योंकि हमने अधिकार पर लूका के घोषित उद्देश्य और निर्भरता को देख लिया है, हम लूका की आलंकारिक रणनीति के तीसरे आयाम को देखने के लिए तैयार हैं: उस ढाँचागत नमूने को जिसे लूका ने प्रेरितों के काम की पूरी पुस्तक में प्रयोग किया है।

ढाँचागत नमूना

प्रेरितों के काम की पुस्तक कई ढाँचागत नमूनों को प्रदर्शित करती है, परन्तु समय की कमी के कारण हम प्रेरितों के काम की पुस्तक के ढाँचे के दो तथ्यों के ऊपर अपना ध्यान केन्द्रित करेंगे। सबसे पहले, हम दुहराए गए सारांशित कथनों के मुख्य नमूनों की खोजबीन करेंगे। दूसरा, हम कलीसियाई विकास के नमूनों को देखेंगे जो कि प्रेरितों के काम की पुस्तक में प्रगट होते हैं। आइए उस तरीके के साथ आरम्भ करें जिसमें लूका ने सारांशित कथनों का उपयोग किया।

सारांशित कथन

बाइबल के लेखक कई भिन्न स्तरों पर कहानी में अपनी उपस्थिति को दर्शाते हैं। कभी-कभी, सभी तरह के व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, वे किसी कहानी के पीछे स्वयं को छिपा लेते हैं। अन्य समयों में, यह बताने के लिए कि उनकी कहानी में क्या हो रहा वे स्पष्ट टिप्पणी करने के लिए आगे आ जाते हैं। हम इस बाद वाली तकनीक को आधिकारिक टिप्पणियों का रूप कहते हैं। लूका ने प्रेरितों के काम की पुस्तक में ऐसी कई आधिकारिक टिप्पणियों को किया है। उसने पृष्ठभूमि की जानकारी दी है, पात्रों के हृदयों के इरादों को उजागर किया है, हालातों का विवरण और बहुत कुछ दिया है। अपने संदेश को स्पष्टता और ईमानदारी से प्रस्तुत करने को सुनिश्चित करने के लिए उसने ऐसा किया। सारांशित कथनों का माध्यम वह एक तरीका था जिसके द्वारा वह अपनी पुस्तक में घटनाओं पर अकसर टिप्पणी करता है।

बहुत सारे पाठकों ने यह ध्यान दिया है कि प्रेरितों के काम की पुस्तक सुसमाचार की प्रगति को यरूशलेम से आगे बाहर की ओर बताती है। और मार्ग में कई स्थानों पर, लूका ने उन बिन्दुओं तक घटनाओं को सारांशित करने के लिए रूकता है। हम पता लगाएंगे कि लूका ने अपने इतिहास में उन छह समयावधियों के लिए सारांशित कथनों को कैसे उपयोग किया: सुसमाचार की सफलता यरूशलेम में, यहूदिया और सामरिया में; सामरिया से सीरिया अन्ताकिया तक; साइप्रस, फ्रूगिया और गलातिया में; एशिया, मकिदुनिया और अखाया में; और यरूशलेम से रोम की ओर।

उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम 5:42 को लें जहाँ लूका ने कलीसिया कि सफलता और उसके कार्यों का इन शब्दों के साथ सार दिया है:

> **वे प्रतिदिन मन्दिर में और घर घर में उपदेश करने, और इस बात का सुसमाचार सुनाने से कि यीशु ही मसीह है न रूके (प्रेरितों के काम 5:42)।**

सुसमाचार की सफलता और कलीसिया की प्रगति के सफलतम अवस्थाओं पर जोर देने के लिए लूका इस तरह के सारांशित कथन को नियमित रूप से प्रेरितों के काम की पुस्तक में देता है। प्रेरितों के काम 28:30-31 में की गई उसकी टिप्पणी को सुनिए:

> **[पौलुस] पूरे दो वर्ष अपने भाड़े के घर में रहा और जो उसके पास आते थे, उन सब से मिलता रहा और बिना रोक टोक बहुत निडर होकर परमेश्वर के राज्य का प्रचार करता और प्रभु यीशु मसीह की बातें सिखाता रहा (प्रेरितों के काम 28:30-31 हिन्दी पुन: संपादित अनुवाद)।**

अब चुंकि हमने यह देख लिया है कि लूका ने सारांशित टिप्पणियों के द्वारा अपने इतिहास के कुछ निश्चित बिन्दुओं की ओर हमारे ध्यान को आर्कषित किया है, हमें अब कलीसिया की प्रगति के उस नमूने को देखना चाहिए जो इन सारांशित टिप्पणियों के बीच प्रगट होते हैं।

कलीसियाई विकास

जब लूका कलीसिया के विकास का विवरण देता है, तो वह नियमित रूप से गतिशील शक्तियों के दो जोड़ो के बारे में उल्लेख करता है। एक तरफ तो, वह कलीसिया के आन्तरिक विकास और तनाव के बारे में लिखता है। और दूसरी तरफ, वह कलीसिया के बाहरी विकास और कलीसिया पर बाहर से आने वाले विरोध के बारे में लिखता है। हम इस पद्धति का इस पाठ में बाद वर्णन करेंगे, अभी हम केवल यह विवरण देंगे कि इससे हमारा अर्थ क्या है।

“आन्तरिक विकास,” शब्दावली से हमारा संकेत मसीही समुदाय के बीच में सुसमाचार के सकारात्मक प्रभाव से है। हम ऐसा कह सकते हैं कि यह व्यक्तिगत् और पूरी कलीसिया के रूप में इनकी आध्यात्मिक परिपक्वता को आगे बढ़ाने के लिए गुणात्मक विकास का एक रूप था। और "तनाव," शब्द से हमारा ध्यान कलीसिया के भीतर प्रगट होने वाली समस्याओं, प्रश्नों, विवादों और संघर्षों से है। प्रेरितों के काम की पुस्तक में, लूका नियमित रूप से दर्शाता है कि आन्तरिक विकास और तनाव के बीच एक पारस्परिक सम्बन्ध था। आन्तरिक विकास तनाव को लाता है, और तनाव आन्तरिक विकास को लाता है।

कलीसियाई विकास के लूका के ढाँचागत नमूने में दूसरी जोड़ी के तत्वों में है बाहरी विकास और विरोध । "बाहरी विकास," से हमारा अर्थ है कि नए सदस्यों को जोड़ने के द्वारा कलीसिया गुणात्मक रीति से बढ़ती है। विकास का यह रूप मात्रात्मक था। और "विरोध" शब्द से हम इस तथ्य की ओर संकेत कर रहे हैं कि कलीसिया और अविश्वासी संसार के बीच नियमित रूप से संघर्ष होता है, जब अविश्वासी लोग सुसमाचार के प्रति नकारात्मक प्रतिक्रिया प्रगट करते हैं। एक बार फिर, प्रेरितों के काम की पुस्तक में इन दो विचारों के बीच एक

पारस्परिक सम्बन्ध है। बाहरी विकास कभी-कभी विरोध को लाता है और साथ में विरोध भी कई बार बाहरी विकास को लाता है।

इसके अलावा, लूका अक्सर यह प्रदर्शित करता है कि तत्वों इन दोनों जोड़ो के बीच में एक पारस्परिक सम्बन्ध है, आन्तरिक विकास और तनाव एक ओर, और दूसरी ओर बाहरी विकास और विरोध के बीच। दूसरे शब्दों में, लूका नियमित रूप से इशारा करता है कि आन्तरिक विकास और तनाव, बाहरी विकास और विरोध को उत्पन्न करता है, और यह कि बाहरी विकास और विरोध, आन्तरिक विकास और तनाव को पैदा करता है। जैसा कि हम इस अध्याय में बाद में देखेंगे, कि कलीसियाई विकास का यह नमूना इतनी बार प्रगट होता है कि यह प्रेरितों के काम की पुस्तक के लिए एक तरह का वैचारिक ढाँचा या कंकाल का रूप लेता है।

अपनी सम्पूर्ण पुस्तक में जिन सारांशों को लूका ने बनाया वे यह समझाते हैं कि प्रेरितों के काम की पुस्तक के प्रत्येक प्रमुख खंड, आरम्भिक कलीसिया की गवाही के द्वारा सुसमाचार के विकास को दिखाते हैं। और जरा कल्पना कीजिए कि थियुफिलुस और अन्य लोगों के ऊपर जिन्होंने लूका की पुस्तक को पढ़ा इन कथनों का कितना प्रभाव पड़ा होगा। उन्होंने हर जगह विश्वासियों को उत्साहित किया होगा कि चाहे भले ही कितना भी तनाव या कितना भी भयानक विरोध क्यों न हो, परमेश्वर सुसमाचार के द्वारा सदैव अपनी कलीसिया के आन्तरिक और बाहरी विकास के लिए काम कर रहा है। उन्होंने आरम्भ के विश्वासीयों का झुकाव इस और किया होगा कि वे सारे इतिहास को इसी दृष्टिकोण से पढ़ें। और उन्होंने उनको यह सुनिश्चित किया होगा कि यदि वे अपने प्रभु और उद्धारकर्ता के प्रति विश्वासयोग्य गवाह बने रहें, तो आन्तरिक और बाहरी समस्यायों के होने पर भी वे अपने दिनों में सुसमाचार के विकास को देखेंगे।

विषय सामग्री

लूका की आलंकारिक रणनीति के कुछ केन्द्रीय आयामों को ध्यान में रखते हुए, अब हम अपने दूसरे विषय की ओर मुड़ते हैं: प्रेरितों के काम की पुस्तक की विषय सामग्री। जबकि इस पुस्तक की सामग्री को संक्षेप में प्रस्तुत करने के कई तरीके हैं, हम उस तरीके पर ध्यान केन्द्रित करेंगे जिसके द्वारा लूका ने कलीसिया के विकास की व्याख्या इस पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य के आंशिक प्रकटीकरण के रूप में की है।

लूका रचित दो संस्करणीय लेखन कार्य अर्थात् लूका का सुसमाचार और प्रेरितों का काम व्याख्या करते हैं कि कैसे यीशु परमेश्वर के राज्य को पृथ्वी पर सुसमाचार की घोषणा के माध्यम से लाया और उसका निर्माण करने लगा। अपने सुसमाचार में, लूका उस नीव का विवरण देता है जिसे यीशु ने अपनी पार्थिव सेवकाई के दौरान डाला था। और प्रेरितों के काम की पुस्तक में, लूका समझाता है कि प्रेरितों को सशक्त करने और कलीसिया को उसके राज्य-निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए कैसे यीशु ने पवित्र आत्मा को उण्डेला था। इस तरह से, परमेश्वर का राज्य लूका के दोनों संस्करणों में प्रमुख कहानी है। इसलिए, जब हम प्रेरितों के काम की पुस्तक की विषय-सामग्री की जाँच करते हैं, हम उस तरीके पर विशेष ध्यान देंगे जिसमें प्रेरितों के नेतृत्व में राज्य निरंतर आगे बढ़ता जाता है।

प्रेरितों के काम 1:8 में जब यीशु ने प्रेरितों को अधिकृत किया, तो उसने उन्हें एक गवाह बन कर सेवा करने का निर्देश दिया, पहले यरूशलेम में सुसमाचार की घोषणा करते हुए और फिर बाकी के संसार में इसे फैला दें। एक बार फिर से प्रेरितों के काम 1:8 में प्रेरितों को कहे गए यीशु के शब्दों को सुनिए:

परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ्य पाओगे; और यरूशलेम और सारे यहूदिया और सारे सामरिया में और पृथ्वी की छोर तक मेरे गवाह होगे (प्रेरितों के काम 1:8)।

यहाँ पर यीशु कलीसिया का सुसमाचारीय गवाह होने के लिए एक भौगोलिक रणनीति को देता है। पवित्र आत्मा के द्वारा सामर्थ्य पाए हुए, प्रेरितों को यरूशलेम में गवाही देने के साथ शुरूआत करनी थी, और फिर सुसमाचार को यहूदिया और सामरिया में ले जाना था, और अन्ततः पृथ्वी की छोर तक, जहाँ कहीं भी वे जाएं राज्य को फैलाना था।

कई विद्वानों ने देखा है कि लूका ने प्रेरितों के काम की पुस्तक को भौगोलिक गवाही के विस्तार के लिए दी गई यीशु की बुलाहट के चारों ओर संगठित किया है। और हम भी उसके इस नमूने का अनुसरण करेंगे जब हम उसके लेखन कार्य का सर्वेक्षण करते हैं। हम सबसे पहले उस तरीके को देखेंगे जिसमें लूका ने प्रेरितों के काम 1:1-8:4 में यरूशलेम में सुसमाचार के विकास का विवरण दिया है। दूसरा, 8:5-9:31 में हम यहूदिया और सामरिया में राज्य के विस्तार को होते हुए देखेंगे। और तीसरा, 9:32-28:31 में हम उस तरीके पर ध्यान देंगे जिसके द्वारा कलीसिया ने सुसमाचार को पृथ्वी की छोर तक फैला दिया। क्योंकि यह तीसरा खण्ड बहुत लम्बा है, इसलिए हम इस पर विशेष ध्यान देंगे, लूका के उन सारांशित कथनों के द्वारा सुझाये गए विकास के चार अवस्थाओं पर ध्यान केन्द्रित करेंगे, जिन्हें हमने पहले ही देख लिया है: सबसे पहले 9:32 -12:25 में फीनीके, कुप्रुस और अन्ताकिया, दूसरा, 13:1-15:35 में कुप्रुस, फ्रूगिया और गलातिया; तीसरा, 15:36-21:16 में एशिया, मकिदुनिया, और अखाया में; और चौथा, 21:17 - 28:31 में रोम तक।

आन्तरिक विकास और तनाव और बाहरी विकास और विरोध के नमूनों पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुए जिन्हें हम पहले ही देख चुके हैं, हम इन प्रत्येक खण्डों को ज्यादा बारीकी से देखेंगे। प्रेरितों के काम 1:1-8:4 में जिस तरीके से यरूशलेम में राज्य प्रेरितों की सुसमाचारीय गवाही के द्वारा स्थापित हुआ आइए हम उससे आरम्भ करते हैं।

यरूशलेम

यरूशलेम प्राचीन इस्राएल की राजधानी थी, जो कि पुराने नियम में परमेश्वर का विशेष राष्ट्र था। यरूशलेम लूका की कहानी का प्रारम्भिक बिंदु था क्योंकि सम्पूर्ण पुराने नियम में परमेश्वर के राज्य में और साथ में यीशु की सेवकाई में भी इसने प्रमुख भूमिका को अदा किया था। इसके अलावा, लूका ने यरूशलेम की घटनाओं को प्रेरितों के काम की पुस्तक में कई स्थानों पर लिखा, जो कि नियमित रूप से दिखाता है कि प्रेरितों के द्वारा सुसमाचार को नए देशों में फैलाने का कार्य अभी भी इसी विशेष शहर में निहित था।

यरूशलेम में सुसमाचार के द्वारा राज्य के विकास की कहानी को लूका ने चार मुख्य समूहों में लिखा है: सबसे पहला, प्रेरितों के काम अध्याय 1-2 में, पवित्र आत्मा की बाट जोहना और उण्डेला जाना; दुसरा, प्रेरितों के काम अध्याय 3-4 में, मन्दिर में दिया गया पतरस का सन्देश और उसके बाद आने वाला सताव; तीसरा, प्रेरितों के काम अध्याय 5 में, हनन्याह और सफीरा की कहानी और उसके बाद आने वाला सताव; और चौथा, प्रेरितों के काम अध्याय 6:1-8:4 में, सेवकों का चुनाव और इसके बादे आने वाला सताव।

उदाहरण के द्वारा, आन्तरिक विकास कई जानी-पहचानी घटनाओं में प्रकट होता है, जो कि यरूशलेम में घटित हुई, जैसे कि:

- प्रेरितों के काम अध्याय 1 में प्रेरितों का अधिकृत किया जाना
- प्रेरितों के काम अध्याय 2 में पवित्र आत्मा का पिन्तेकुस्त के दिन उण्डेला जाना
- प्रेरितों के काम अध्याय 3, 4 और 5 में यरूशलेम में आश्चर्यकर्म का अनुभव, विशेष कर पतरस के द्वारा

इसी समय, मसीही समुदाय में हम कई तरह से तनाव को देखते हैं, जिसमें निम्न सम्मिलित है:

- प्रेरितों के काम अध्याय 1 में वह प्रश्न कि कौन बारहवाँ प्रेरित बनेगा
- प्रेरितों के काम अध्याय 5 में हनन्याह और सफीरा के द्वारा दान किए गए पैसे के लिए बोला गया झूठ; और
- प्रेरितों के काम अध्याय 6 में यूनानी विधवाओं की उपेक्षा

इसके आगे, लूका के लेख में यरूशलेम में सुसमाचार के लिए दी गई गवाही के साथ बाह्य विकास और विरोध का प्रारूप दिखता है, उदाहरण के लिए:

- प्रेरितों के काम अध्याय 2 में पिन्तेकुस्त के दिन, लगभग 3,000 लोग कलीसिया में जोड़े गए
- प्रेरितों के काम अध्याय 4 में कलीसिया की सदस्यता लगभग 5,000 तक बढ़ गई जब यूहन्ना और पतरस को बन्दीगृह में डाल दिया गया, और
- प्रेरितों के काम अध्याय 6 में कई यहूदी याजक कलीसिया में जुड़ गए।

परन्तु फिर भी, जैसा कि हमने पहले ही सुझाव दिया था, यह बाह्य विकास अक्सर अविश्वासी संसार की ओर से आए सताव के साथ-साथ आया, जैसे कि:

- प्रेरितों के काम अध्याय 5 में पतरस और यूहन्ना का पकड़ा जाना और पीटा जाना
- प्रेरितों के काम अध्याय 7 में स्तिफनुस का शहीद होना; और
- प्रेरितों का काम अध्याय 8 में यरूशलेम से सताव के कारण कलीसिया बिखरना

आन्तरिक तनाव और बाह्य विरोध के कारण नई कलीसिया के हतोत्साहित होने की हम अपेक्षा कर सकते हैं। परन्तु पवित्र आत्मा की सामर्थ्य के अधीनता में वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत थी। सुसमाचार की गवाही बड़ी निर्बाध गति के साथ आगे बढ़ती रही, अन्ततः बिना किसी रूकावट के इसका विकास होता रहा।

यहूदिया और सामरिया

प्रेरितों के काम की पुस्तक का दूसरा मुख्य खण्ड प्रेरितों के काम 8:5-9:31 में यहूदिया और सामरिया में कलीसिया की सुसमाचारीय गवाही के ऊपर केन्द्रित होता है। यहूदिया और सामरिया का क्षेत्र पुराने नियम में इस्राएल को दी गई प्रतिज्ञा की हुई भूमि के दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्रों के लगभग बराबर था। यीशु ने स्वयं इन क्षेत्रों में अपने स्वर्गारोहण से पहले सेवकाई की थी। यहूदिया और सामरिया पर लूका के ध्यान केंद्रण को कहानियों के दो मुख्य समूहों में बाँटा जा सकता है: प्रेरितों के काम 8:5-40 मे फिलिप्पुस की सेवकाई और प्रेरितों के काम 9:1-31 में पौलुस का मन परिवर्तन।

ये कहानियाँ कलीसिया के आन्तरिक विकास की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती हैं। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम अध्याय 8 में आन्तरिक विकास निरन्तर जारी रहा जैसे-जैसे नए विश्वासी लगातार पवित्र आत्मा से भरते चले गए, और प्रेरितों के काम अध्याय 9 में शाऊल को उसके मन परिवर्तन के बाद एक प्रेरित बनाया गया।

फिर भी, इन घटनाओं के साथ-साथ कलीसिया के भीतर तनाव भी बनने लगा। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम अध्याय 8 में प्रश्नों को उठाया गया क्योंकि कुछ विश्वासियों ने अभी तक पवित्र आत्मा को प्राप्त नहीं किया था। प्रेरितों के काम अध्याय 8 में शिमौन जादूगर ने प्रेरितों से पवित्र आत्मा की शक्ति को खरीदने की कोशिश की।

दूसरी तरफ, बाह्य विकास और विरोध का नमूना भी निरन्तर चलता रहा। उदाहरण के लिए, यहूदिया और सामरिया में इन घटनाओं जैसे कि कई नए लोग फिलिप्पुस की सुसमाचारीय सेवकाई के द्वारा और प्रेरितों के काम अध्याय 9 में पौलुस के मन परिवर्तन के द्वारा कलीसिया निरन्तर गुणात्मक तौर पर विकास करती चली गई।

परन्तु फिर भी, यह विकास अविश्वासियों के विरोध के बगैर घटित नहीं हुआ। उदाहरण के लिए, शाऊल ने प्रेरितों के काम अध्याय 9 में अपने मन परिवर्तन से पहले विश्वासियों को सताया, और प्रेरितों के काम अध्याय 9 में ही कुछ यहूदियों ने शाऊल का उसके मन परिवर्तन के बाद कत्ल करने की कोशिश की।

एक बार फिर से, आन्तरिक तनाव और बाह्य विरोध अन्तत: कलीसिया को रोकने में विफल रहा। इसकी बजाए, पवित्र आत्मा ने कलीसिया में परिपक्वता और गुणात्मक विकास को लाने के लिए इन चुनौतियों का उपयोग किया।

पृथ्वी के छोर तक

प्रेरितों के काम का तीसरा मुख्य खण्ड यह बताता है कि कैसे सुसमाचार प्रतिज्ञा किए हुए देश की सीमाओं के बाहर पृथ्वी की छोर तक फैल गया, जैसा कि उस समय इसे जाना जाता था। जैसा कि हमने उल्लेख किया है, 9:32-12:25 में फीनीके, कुप्रुस और अन्ताकिया में सुसमाचार के फैलने से आरम्भ करते हुए हम इस खण्ड को ज्यादा बारीकी से देखेंगे।

फीनीके, कुप्रुस और अन्ताकिया

यह खण्ड सुसमाचार प्रचार का यहूदिया और सामरिया से आगे की ओर पहले विशेष प्रसार के बारे में बताता है जब यह फीनीके, कुप्रुस और सीरिया में अन्ताकिया की अन्यजातियों के आसपास वाले क्षेत्रों में फैलता है। प्रेरितों के काम के इस खण्ड में, हम पतरस की सेवकाई को प्रेरितों के काम 9:32-43 में लुद्दा और याफा में, 10:1-11:12 में पतरस की सेवकाई कैसरिया में अन्यजाति कुरनेलियुस के यहाँ, 11:19-30 में सीरिया के अन्ताकिया में सुसमाचार के विस्तार, और 12:1-25 में पतरस का आश्चर्यजनक तरीके से यरूशलेम के बन्दीगृह से छुटकारे के बारे में पढ़ते हैं।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यहाँ पर भी आन्तरिक विकास और तनाव का नमूना नियमित रूप से कार्य कर रहा है। लूका ने आन्तरिक विकास के कई उदाहरणों को लिखा है। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम अध्याय 10 में अन्यजाति कलीसिया में लाए गए और प्रेरितों के काम अध्याय 12 में कलीसिया पतरस के आश्चर्यजनक तरीके से छुटकारे को लेकर उत्साहित हो गई थी।

और इसमें कोई सन्देह नहीं है कि, वहाँ पर सम्बन्धित तनाव भी थे। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम अध्याय 11 में कई यहूदी विश्वासी अन्यजातियों को कलीसिया की संगति में पूरी तरह से लेने में झिझके और इसी अध्याय 11 में बहुतों ने पुराने नियम के भोजन सम्बन्धी व्यवहारों के प्रतिबन्धों में ढील दिए जाने के कारण विरोध प्रकट किया।

इस खण्ड में भी, लूका बाह्य विकास और विरोध के नमूने पर जोर देता है। उदाहरण के लिए, उसने प्रेरितों के काम अध्याय 10 में कुरनेलुयस और कई अन्यजातियों के मन परिवर्तन, और प्रेरितों के काम अध्याय 11 में बरनबास की सफल सुसमाचारीय सेवकाई के माध्यम से बाहरी विकास के लिए लिखा है।

परन्तु यह विकास भी बिना विरोध के नहीं हुआ था। इस सताव में प्रेरितों का काम अध्याय 12 में याकूब की मृत्यु और इसी अध्याय 12 में पतरस को बन्दीगृह में डाला जाना सम्मिलित है।

परन्तु तनाव और विरोध के बावजूद भी, सुसमाचार की गवाही को पूरी तरह रोका नहीं जा सका। पवित्र आत्मा ने कलीसिया के सुसमाचार और शिष्यत्व के कार्य को आशीषित करना जारी रखा। उसने नस्लीय भेदभावों और सतावों पर विजय प्राप्त की, यहाँ तक कि पतरस को आश्चर्यजनक तरीके से बन्दीगृह से मुक्त कराया। यह बात कोई अर्थ नहीं रखती है कि कैसी भी रूकावटें भले ही इसके मार्ग में क्यों न रख दी गई हों, सुसमाचार निरन्तर आगे की ओर बढ़ता रहा।

कुप्रुस, फ्रूगिया और गलातिया

प्रेरितों के काम 13:1-15:35 में, लूका चौथे मुख्य खण्ड की ओर मुड़ता है: कुप्रुस, फ्रूगिया और गलातिया में सुमसाचार का प्रसार होना। इस खण्ड में, सुसमाचार यरूशलेम, यहूदिया और सामरिया से और आगे की ओर बढ़ता हुआ, एशिया माइनर के पूर्वी क्षेत्रों में फैल गया। प्रेरितों के काम की पुस्तक का यह खण्ड दो मुख्य हिस्सों में विभाजित होता है: प्रेरितों के काम 13:1-14:28 में पौलुस की पहली मिशनरी यात्रा है, और प्रेरितों के काम 15:1-35 में यरूशलेम की महासभा।

अपनी रणनीति को जारी रखते हुए, लूका ने आन्तरिक विकास और तनाव के नमूने को इस खण्ड में भी दिखाया है। उसने आन्तरिक विकास की ओर कुछ ऐसी बातों के द्वारा संकेत किया है जैसे कि प्रेरितों के काम14

में पौलुस का गलातियों की कलीसियाओं को मज़बूत करना और प्रेरितों के काम 15 में यरूशलेम की महासभा का निर्णय जिसमें मसीह के लिए मन फिराव के समय अन्यजातियों से खतने की माँग को नहीं करना था।

लूका ने इस खण्ड में आन्तरिक तनाव का भी उल्लेख किया है, विशेष कर जब वह अन्यजाति से आए हुए लोगों से संबंधित व्यवहारिक परेशानियों के बारे में लिखता है। प्रेरितों के काम 15 में यहूदियों और अन्यजाति विश्वासियों के बीच खतने और यहूदी परम्परा अनुसार भोजन सम्बन्धी कठोर नियमों को लेकर तनाव उत्पन्न हो गया था।

बाह्य विकास और विरोध के सम्बन्ध में, लूका ने कई विषयों का उल्लेख किया है, जैसे कि पौलुस की पहली मिशनरी यात्रा के कारण उत्पन्न हुई संख्यात्मक वृद्धि, जिसे प्रेरितों का काम 14 में बताया गया है। लेकिन पहले की तरह ही, इस वृद्धि के साथ घोर विरोध भी था। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम 14 में पौलुस और बरनबास को यहूदी अविश्वासियों के द्वारा बार-बार अस्वीकार कर दिया गया, विशेष रूप से लुस्त्रा, इकुनियुम और अन्ताकिया में। परन्तु फिर भी, पवित्र आत्मा निरन्तर कलीसिया को आगे की ओर बढ़ता रहा और अपने लोगों के मार्ग में आने वाली प्रत्येक बाधा पर विजय प्राप्त कराई। न रूकने वाला सुसमाचार निरन्तर परमेश्वर के उद्देश्यों को हासिल करता गया।

एशिया, मकिदुनिया, और अखाया

प्रेरितों के काम का पाँचवाँ प्रमुख खण्ड 15:36- 21:16 तक चलता है, जहाँ पर सुसमाचार की गवाही को रोमी प्रान्तों एशिया, मकिदुनिया और अखाया तक फैलाया गया। प्रेरितों के काम का यह खण्ड पौलुस की दूसरी और तीसरी मिशनरी यात्राओं के ऊपर ध्यान केन्द्रित करता है, इस समय के दौरान पौलुस पूर्वी एशिया माइनर से होता हुआ यात्रा करता है, जैसा कि उसने पहले किया था, परन्तु फिर वह एशिया के पश्चिमी एशिया माइनर के प्रान्त की ओर बढ़ता है, और एजियन सागर को पार करता हुआ मकिदुनिया और वर्तमान समय के यूनान में अखाया के कई शहरों में आता है।

पौलुस की दूसरी मिशनरी यात्रा का प्रेरितों के काम 15:36-18:22 में वर्णन है और तीसरी मिशनरी यात्रा का 18:23-21:16 में। उस नमूने से जिससे कि अब तक अच्छी तरह परिचित हो जाना चाहिए, ये अध्याय आन्तरिक विकास और तनाव के बीच के सम्बन्ध पर प्रकाश डालते हैं। हम यहाँ पर आन्तरिक विकास के कई उदाहरणों को पाते हैं, जैसा कि प्रेरितों के काम 18 में अक्विला और प्रिसक्किला के द्वारा अपुल्लोस को दी गई शिक्षा और प्रेरितों के काम 19 में पौलुस का इफिसुस के यहूदी सभाघर में दी गई शिक्षा और तुरन्नुस की पाठशाला में दिए गए उपदेश।

और निःसंदेह, इसी आन्तरिक विकास के साथ ज्यादा तनाव था। उदाहरण के लिए, पौलुस और बरनबास ने मरकुस के ऊपर बहस की और प्रेरितों के काम 15 में उससे अलग हो गए और प्रेरितों के काम 20 में पौलुस ने कलीसिया को उन कलीसियाई अगुवों से स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए चेतावनी दी जिनके बुरे उद्देश्य थे।

हम बाह्य विकास और विरोध के बारे में भी पढ़ते हैं। उदाहरण के लिए, हम बाह्य विकास को उन कई लोगों के रूप में देखते हैं जिन्हें पौलुस मसीह में लाया और उन कलीसियाओं के रूप में जो कि प्रेरितों के काम 15-21 में उसकी दूसरी और तीसरी मिशनरी यात्रा के दौरान स्थापित की गई थी। परन्तु इसी के साथ हम विरोध को भी देखते हैं, जैसे कि गुस्सैल भीड़ जिसने पौलुस की हत्या करने की कोशिश की, और प्रेरितों के काम

अध्याय 17-20 में यहूदी जेलोती जिन्होंने पौलुस का एक शहर से दूसरे शहर तक पीछा किया। एक बार फिर से, लूका यह दिखाता है कि सुसमाचार प्रभावशाली तरीके से पूरे संसार में फैलता चला गया। आंतरिक तनाव एवं बाहरी विरोध निरंतर जारी रहने वाली परेशानियाँ थी, परन्तु वे पवित्र आत्मा की सामर्थ्य से सशक्त किए हुए सुसमाचार की गवाही के प्रसार को रोक न सके।

रोम

अन्त में, लूका की कथा का अन्तिम बड़ा खण्ड प्रेरितों के काम 21:17-28:31 में रोम में सुसमाचार की गवाही पर केन्द्रित है। यह खण्ड पौलुस की यात्रा को यरूशलेम से आरम्भ करता हुआ, और तब उसके बाद उसकी गिरफ्तारी, कारावास और रोम को भेजे जाने पर ध्यान केन्द्रित करता है। ये सामग्रियों मोटे तौर पर चार बड़े वर्गों में विभाजित हैं: प्रेरितों के काम 21:17-23:11 में पौलुस की यरूशलेम में अन्तिम गवाही, 23:12-26:32 में पौलुस का कारावास; 27:1-28:14 में रोम के लिए उसकी कठिन यात्रा, और अन्ततः 28:15-31 में रोम में उसकी गवाही।

जैसा कि हम अपेक्षा करते आए हैं, ये अध्याय आन्तरिक विकास और तनाव के परिचित नमूने को अपने में सम्मिलित करते हैं। हम आन्तरिक विकास के कई प्रमाणों को देखते हैं जिनमें ऐसी बातें सम्मिलित हैं जैसा कि प्रेरितों के काम 21 में वह आनन्द जिसको यहूदी विश्वासियों ने यरूशलेम में अनुभव किया जब उन्होंने यह सुना कि बहुत सारे अन्यजाति विश्वास में आ रहे थे, और प्रेरितों के काम 22 में पौलुस और अन्यों की दुख उठाने और यहाँ तक कि सुसमाचार के लिए मरने के लिए स्वेच्छा।

परन्तु हम यह भी देखते हैं कि इस आन्तरिक विकास के साथ तनाव भी था, जैसा कि प्रेरितों के काम अध्याय 21 में एक अफवाह कि पौलुस यहूदी विश्वासियों को यह शिक्षा दे रहा था कि वे अपनी परम्पराओं को त्याग दें और इसी अध्याय 21 में इसके परिणामस्वरूप वह तनाव जिसे उसकी उपस्थिति ने यरूशलेम की कलीसिया में उत्पन्न कर दिया।

हम बाह्य विकास और विरोध के नमूने को भी पाते हैं। लूका ने लिखा है कि कलीसिया ने इस अवधि के दौरान बाहरी विकास में उल्लेखनीय प्रगति की। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम 23, 24, 25, 26, 28 में पौलुस कई उच्च पद वाले अधिकारियों को सुसमाचार बताने में सफल रहा था, और प्रेरितों के काम 28 में उसने रोम में बिना किसी रूकावट के सुसमाचार प्रचार का कार्य किया। परन्तु लूका यह भी संकेत देता है कि इस विकास के साथ घोर विरोध भी आया, जिसमें पौलुस का बंदी बनाया जाना और प्रेरितों के काम 24 में रोमी सरकार द्वारा चार साल के लिए जेल में डाला जाना तथा प्रेरितों के काम 28 में रोम की जेल में डाला जाना शामिल है।

प्रेरितों के काम की पुस्तक का प्रत्येक मुख्य खण्ड यह प्रमाणित करता है कि सुसमाचार के विश्वासयोग्य गवाह असफल नहीं हुए। पवित्र आत्मा ने सुसमाचार को यरूशलेम से लेकर रोमी साम्राज्य की राजधानी तक ले जाने के लिए कलीसिया को सशक्त किया। आन्तरिक एवं बाहरी परेशानियों के बावजूद जिन्हें कलीसिया ने सहन किया था, न रूक सकने वाला सुसमाचार कलीसिया में आत्मिक परिपक्वता और सँख्यात्मक विस्तार को लेकर आया, जब इसने परमेश्वर के राज्य को पृथ्वी की छोर तक फैला दिया।

आधुनिक उपयोग

अब क्योंकि हमने प्रेरितों के काम की पुस्तक की आलंकारिक रणनीति और विषय सामग्री को देख लिया है, आइए हम अब अपने तीसरे विषय की ओर मुड़ते हैं: इसके वर्तमान उपयोग के ओर। विचार करने के लिए ऐसे कौन से कुछ मुख्य विषय हैं जब हम आज के अपने दिनों में प्रेरितों के काम की पुस्तक के सत्यों को लागू करते हैं? इस विषय को खोजने के लिए, हम इसके कुछ मुख्य गुणों को ध्यान में रखते हुए सबसे पहले अपने ध्यान को प्रेरितों के काम की पुस्तक के साहित्यिक चरित्र के पर लगाएंगे। दूसरा, हम हमारे आज के दिनों और पहली शताब्दी के बीच की कुछ असंगतियाँ के बारे में बात करेंगे जो कि हमारे इस पुस्तक के हमारे आधुनिक उपयोग के ऊपर प्रभाव डालती हैं। और तीसरा, हम आधुनिक दिनों और पहली शताब्दी के बीच की कुछ महत्वपूर्ण समानताओं की पुष्टि करेंगे जो कि हमारे जीवनों में प्रेरितों के काम की पुस्तक के वास्तविक अर्थ को हमारे अपने जीवनों से जोड़ने में हमारी सहायता करते हैं। आइए प्रेरितों के काम की पुस्तक के साहित्यिक चरित्र के ऊपर देखने से आरम्भ करें।

साहित्यिक चरित्र

भिन्न-भिन्न तरह के साहित्य भिन्न-भिन्न तरीकों से अपने संवादों को बताती करते हैं। जैसे कि, बाइबल में हम कई तरह के साहित्यों को पाते हैं। इसमें ऐतिहासिक कहानियाँ, कवितायें, उपदेश, दृष्टान्त, नीतिवचन, व्यवस्था और ऐसी ही और बातें मिलती हैं। और इनमें से प्रत्येक प्रकार का साहित्य भिन्न तरीकों से बातचीत करता है। यदि हम प्रेरितों के काम की पुस्तक को एक दायित्वपूर्ण तरीके से समझने की आशा करते हैं, तो हमें इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि यह किस तरह का साहित्य है और इस तरह का साहित्य किन तरीकों से अपने विचारों को बताता है।

साहित्यिक दृष्टिकोण से कई बातें हैं जिन्हें हम प्रेरितों के काम की पुस्तक के बारे में कह सकते हैं, परन्तु समय हमें केवल इसकी तीन सबसे प्रमुख विशेषताओं को उजागर करने की अनुमति देगा। सबसे पहले, लूका ने जो लिखा उसके बारे में वह चयनात्मक था। दूसरा, उसने प्रेरितों के काम की पुस्तक को प्रासंगिक होने के लिए बनाया। और तीसरा, उसने अपनी कई शिक्षाओं को अस्पष्ट तरीके से बताया। आइए सबसे पहले हम प्रेरितों के काम की पुस्तक की सामग्री के चयनित प्रकृति पर नजर डालें।

चयनित

प्रत्येक इतिहासकार को चयनात्मक होना पड़ता है। किसी भी मनुष्य के द्वारा सब बातों का व्यापक विवरण प्रदान करने के लिए इस संसार में बहुत ही ज्यादा तथ्य, लोग और घटनाएँ हैं। प्रेरितों के काम की घटनाएँ यीशु के स्वर्गारोहण से लेकर रोम में पौलुस के बन्दीगृह में डाल दिए जाने के बीच के वर्षों की हैं, जो तीन या चार दशक की समयावधि है। इस दौरान कलीसिया में चौंकाने वाली संख्या में बहुत सारी महत्वपूर्ण धटनाएँ घटित हुईं – इतनी सारी कि इनकी गणना नहीं हो सकती है। परन्तु फिर भी, लूका ने मात्र 28 छोटे अध्यायों को लिखा। इसलिए, हम जानते हैं कि उसने उनमें से केवल एक छोटे से अंश को ही लिखा जिसे बताया जा सकता था। परन्तु उसने कैसे निर्धारित का कि किन घटनाओं को शामिल करना है? उसने कैसे निर्धारित

किया कि किसे छोड़ दिया जाए? इतिहास के थोड़े से हिस्से का चुनाव करने के लिए लूका का पवित्र आत्मा द्वारा मार्गदर्शन हुआ जो कि प्रेरितों के द्वारा यीशु के कार्यों को समझने के लिए महत्वपूर्ण था, और यह बात प्रेरितों की कुछ केन्द्रीय शिक्षाओं को अपनाने के लिए उसके पाठकों को प्रोत्साहित करेगी।

इसलिए, जब हम आधुनिक संसार में प्रेरितों के काम की पुस्तक को लागू करने के तरीकों को खोजने की कोशिश करते हैं, तो हमें दो बातों को करने की आवश्यकता है। एक तरफ तो, हमें सोच की इस त्रुटि से बचने की जरूरत है कि लूका ने हर उस बात का विवरण दिया जिसे हम उस समय की कलीसिया के इतिहास की समयावधि के बारे में जान सकते हैं। ऐसे कई प्रश्न हैं जिनका उसने उत्तर दिए बिना छोड़ दिया है, इसलिए हमें प्रेरितों के काम की पुस्तक में से अपनी सभी आधुनिक समस्याओं के उत्तर पाने के लिए बचने की जरूरत है।

दूसरी तरफ, हमें यह स्मरण रखने की आवश्यकता है कि प्रेरितों के काम की पुस्तक का प्रत्येक विवरण लूका के दोहरे उद्देश्य को पूरा करने में सहायता करता है। इसलिए हमें पुस्तक की प्रत्येक बात को इस प्रकाश में पढ़ने की आवश्यकता है यह कैसे लूका को उसके उद्देश्य को आगे बढ़ाने में सहायता करता है। हमें निरन्तर इस तरह के प्रश्नों को पूछते रहना चाहिए: यह मुझे आरम्भ की कलीसिया के बारे में क्या सिखाता है? और यह मुझे कौन से सिद्धान्तों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है?

प्रासंगिक

चयनित होने के अलावा, प्रेरितों के काम की पुस्तक का साहित्य प्रासंगिक भी है। ऐसा कहने का अर्थ है, प्रेरितों के काम की पुस्तक छोटी कहानियों और विवरणों का एक सिलसिलेवार संग्रह है। जब हम प्रेरितों के काम की पुस्तक को पढ़ते हैं, तो ध्यान देने के लिए यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि इसकी एक-एक कहानियाँ लूका की समग्र रणनीति और सन्देश के अंश है। प्रत्येक कहानी थियुफिलुस को मसीह में परमेश्वर के राज्य के सुसमाचार के बारे में उसके शिक्षण के समग्र मिशन के लिए किसी न किसी तरीके से योगदान देती है। इस कारण, जब हम प्रेरितों के काम को पढ़ते हैं तो इस बड़ी तस्वीर को प्रत्येक घटना के लिए पृष्ठभूमि और संदर्भ के रूप में काम करना चाहिए।

परन्तु प्रत्येक घटना (प्रसंग) भिन्न भी है। प्रत्येक के पास बताने के लिए अपने छोटे विषय हैं, उनके अपने विवरण हैं जो उस तरीके के बारे में सिखाते हैं जिससे कलीसिया को सुसमाचार के माध्यम से मसीह में परमेश्वर के राज्य का निर्माण जारी रखना है। और इसका अर्थ यह है कि जब हम प्रेरितों के काम की पुस्तक को पढ़ते हैं, तो हमें लूका के व्यापक उद्देश्य पर अपने ध्यान द्वारा किसी एकल विषय को जिसे वह बता रहा है छिपने नहीं देना चाहिए। हमें दोनों बड़े और छोटे चित्र पर यह समझते हुए ध्यान देना चाहिए, कि प्रत्येक प्रसंग विस्तृत उद्देश्य के लिए कैसे योगदान दे रहा है, परन्तु, यह भी कि कैसे प्रत्येक प्रसंग उसके उद्देश्य की बारीकियों को परिभाषित करने में सहायता करता है।

चयनात्मक और प्रासंगिक होने के साथ साथ, प्रेरितों के काम की पुस्तक की कहानी का ढाँचा भी इस तरह से अस्पष्ट है कि इसकी साहित्यिक शैली इसकी ज्यादातर शिक्षाओं को बताती है।

अस्पष्ट

मोटे तौर पर कहें तो, नए नियम में साहित्य के दो मुख्य प्रकार हैं: कहानी वाले संवाद और तार्किक बहस वाले संवाद। तार्किक बहस वाले संवाद ऐसा साहित्य है जो कि एक तरह की बातचीत को प्रस्तुत करते हैं,

जैसा कि जब किसी पुस्तक में एक पात्र बोल रहा है, या जब एक लेखक पाठकों से सीधे बात करता है। उदाहरण के लिए, नए नियम की पत्रियाँ मौलिक तौर पर तार्किक बहस वाले संवादों से बनी हैं जिनमें एक लेखक जैसे पौलुस अपने पत्र के प्राप्तकर्ताओं से सीधे बात कर रहा है। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि, कुछ पत्रियों में कथा के टुकड़ों को शामिल किया गया हैं, और यहाँ तक कि हम कभी-कभी गीत या नीतिवचन को भी इसमें पाते हैं। परन्तु वे अधिकांश रूप से तार्किक बहस वाले संवाद हैं। और वह मुख्य बात जो हम यहाँ पर तार्किक बहस के संवादों के बारे में कहना चाहते हैं, वह यह है कि यह सीधे और स्पष्ट रूप से अपनी अधिकतर शिक्षाओं को बताता हैं। जब पौलुस अपने पाठकों को सोचने या कुछ करने के लिए कोई पत्र लिखता है, तो उसने जो वह चाहता था उन्हें सीधे लिखा।

दूसरी तरफ, कहानी वाले संवाद चारों सुसमाचारों में प्रबल प्रकार के साहित्य हैं, और इन पाठों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से, प्रेरितों के काम की पुस्तक में। कहानी वाला संवाद ऐसा साहित्य है जो किसी कहानी को बताता है और उसकी शिक्षा को सीधे तरीके से कम ही बताता है। यह निश्चित है कि, तार्किक बहस वाला संवाद इन पुस्तकों में भी प्रकट होता है, खास तौर से कुछ पात्रों के उपदेशों में, परन्तु सुसमाचारों और प्रेरितों के काम की पुस्तक का साहित्य प्रबलता से कहानी वाला है। और तार्किक बहस वाले संवादों से हटकर, जो अस्पष्टता से शिक्षा देते हैं, कहानी वाले संवाद पाठक को उसकी शिक्षाओं का अनुमान लगाने की अनुमति देते हुए, स्पष्टता से बातों की शिक्षा देती नजर आती है। कहानी वाले संवादों का झुकाव अस्पष्टता से शिक्षा देने का है, जो कि पढ़ने वाले को इसकी शिक्षाओं को प्राप्त करने देते हैं। कहानियाँ पाठकों को सीधे निर्देश के द्वारा प्रभावित नहीं करते हैं, परन्तु अधिक चतुराई वाले तरीकों से। उनकी रूपरेखा ऐसी बनाई जाती है ताकि पाठक लोग पात्रों के व्यवहारों, कार्यों, और शब्दों से शिक्षाओं को निकालेंगे, उन बातों को अपनाना सीखेंगे जो परमेश्वर को प्रसन्न करते हैं और उन बातों को दूर करेंगे जो परमेश्वर की इच्छा के विपरीत हैं।

इसके बारे में कुछ इस तरह से सोचें। अधिकांश समय के लिए, प्रेरितों के काम जैसी कहानियाँ मात्र तथ्यों को कहते हैं। ऐसा हुआ, वैसा हुआ, फिर कुछ और घटित हो गया। सतही तौर पर, यह घटनाओं का एक विवरण जैसा प्रदर्शित होता है। जैसा कि हमने देखा है, कभी कभी लूका ने उसकी कहानियों के तत्वों के महत्व पर स्पष्ट रूप से टिप्पणी की है। परन्तु अधिकांश समयों पर पर, उसने घटनाओं या तथ्यों को थोड़े या बिना किसी टिप्पणी के लिखा। परन्तु फिर भी, वास्तविकता तो यह है कि उसकी कहानियाँ मात्र घटनाओं का विवरण देने के लिए ही नहीं लिखी गई थी। उसका धर्म शिक्षा देने का भी उद्देश्य था, और उसने इन कहानियों का उपयोग इन विचारों को अस्पष्ट तौर पर बताने के लिए किया।

मैं इस विचार को प्रस्तुत करने के लिए अपने जीवन से एक कहानी का उदाहरण देता हूँ। जब मेरी बेटी बहुत छोटी थी, तो उससे कहा गया था कि वह रात्रि भोजन के पहले चॉकलेट नहीं खाएगी। परन्तु एक सांयकाल वह अपने होठों में चॉकलेट को दबाए हुए मेज पर आई। मैंने उससे पूछा कि क्या उसने चॉकलेट खाई थी और उसने बड़ी आँखें निकालते हुए इन्कार कर उत्तर दिया: " पिता जी, मैंने कोई चॉकलेट नहीं खाई।"

पिता होने के नाते, मेरे पास इस परिस्थिति से निपटने के लिए दो तरीके थे। मैं इस विषय पर सीधे और स्पष्ट तरीके से तार्किक बहस वाले संवाद के साथ बात कर सकता था। मै उससे ऐसा कह सकता था कि, "तुम सच नहीं बोल रहे हो। मैं तुम्हारे मुँह में चॉकलेट को देख सकता हूँ! तुम अब परेशानी में हो।" परन्तु मेरे पास कहानी वाले संवाद का विकल्प भी था, वह जो ज्यादा अप्रत्यक्ष और अस्पष्ट तरीका था। मै अपनी छोटी बेटी को अपनी गोदी में उठा लेता हूँ और उससे कहता कि, "मैं तुम्हें एक कहानी सुनाना चाहता हूँ। एक बार की

बात है कि, एक छोटी लड़की थी जिससे कहा गया था कि वह अपनी सबसे उत्तम पोशाक में न खेले। परन्तु वह फिर भी अपनी सबसे उत्तम पोशाक में खेलती है और उसे बहुत ज्यादा गन्दा कर देती है। आप उस छोटी लड़की के व्यवहार के बारे में क्या सोचते हो?"

इस जैसी कहानी वाली आलंकारिक रणनीति मौलिक रूप से अस्पष्ट स्तर पर कार्य करती है। यह बच्चे को आश्चर्यचकित होने का निमन्त्रण देती है, "क्या यह बुरा नहीं था कि उस छोटी लड़की ने आज्ञापालन नहीं किया?" कहानी की सुन्दरता और सामर्थ्य यह है कि वह इस तरह के विचारों को अस्पष्ट तरीके से बताती है। यदि यह बहुत चतुराई से भरे हुए हैं, तो यह कहानी में सुनने वाले को कहानी की परिस्थितियों में शामिल करते हैं। वह व्यक्तिगत् तौर पर इस तरीके से इसमें सम्मिलित हो जाता है जो कि सुनने वाले को अपना बचाव नहीं करने में सहायता करता है। यह सुनने वाले को ज्यादा शिक्षा लेने देता है।

प्रेरितों के काम की पुस्तक का लगभग 70% को कहानी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक के अधिकांश भाग में, लूका वास्तव में अपने पाठकों से कह रहा था, "मैं तुम्हें आरम्भ की कलीसिया में परमेश्वर के कार्य के बारे में एक कहानी बताना हूँ।" इसमें कोई सन्देह नहीं है, जो कहानी उसने उन्हें बताई वह निश्चित रूप से सच्ची थी। उसने उन्हें तथ्यात्मक इतिहास के संसार में प्रवेश करने के लिए आमन्त्रित किया। परन्तु उसने इस इतिहास को एक कहानी के ढाँचे में प्रस्तुत किया क्योंकि वह चाहता था कि उसके पाठक वर्णन किए हुए तथ्यों से निष्कर्षों को प्राप्त कर लें। इसलिए, जब हम प्रेरितों के काम की पुस्तक को पढ़ते हैं, हमारे लिए यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि इन अस्पष्ट शिक्षाओं की खोज करें।

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि, हमारे जीवन में बाइबल की किसी भी कहानी को लागू और मूल्यांकन करने के मुख्य तरीकों में से एक यह देखना है कि उन व्यवहारों के प्रति जो घटित हुई परमेश्वर की कैसी प्रतिक्रिया करता है। सभों से भी ऊपर, उसके शब्द और कार्य बिल्कुल अचूक हैं। परिणामस्वरूप, प्रेरितों के काम की पुस्तक में हमें सदैव उन बातों पर ध्यान देना चाहिए जिन्हें परमेश्वर स्वीकृत और आशीषित करता है, साथ में उन बातों को जिन्हें वह अस्वीकृत या श्रापित करता है। जिसे भी परमेश्वर आशीषित करता है वह अच्छा होना चाहिए, और जिसे भी वह अस्वीकार या श्रापित करता है उसे बुरा ही होना चाहिए। जब हम प्रेरितों के काम की पुस्तक को पढ़ते हैं तो हमें उन विश्वासों, आचरणों और व्यवहारों का अनुकरण करने की कोशिश करनी चाहिए जो परमेश्वर को प्रसन्न करते हैं, और उन बातों से बचना चाहिए जो उसका विरोध करती हैं।

इसके अलावा, क्योंकि लूका आरम्भ की कलीसिया के मुख्य अगुवों के दृष्टिकोणों के ऊपर बहुत ज्यादा निर्भर रहा, हमारे लिए लूका की अस्पष्ट शिक्षा को देखने का एक और विश्वसनीय तरीका यह है कि हम लूका के द्वारा प्रदान किए गए उदाहरणों पर गौर करें। जब प्रेरित, भविष्यद्वक्ता और कलीसिया के अन्य सम्मानित अगुवे जैसे विश्वासयोग्य लोग कुछ करते या कहते हैं, तो हम आम तौर पर यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि हमें इनके प्रति सहमति रखने के लिए बुलाहट दी गई है। उनके कार्य उपयुक्त थे, और उनकी गवाह सच्ची थी। परिणामस्वरूप, इस बुलाहट के लिए हमारी प्रतिक्रिया यह होनी चाहिए कि हम अपने हृदयों में प्रत्युत्तर दें, और स्वयं अपने व्यवहार और विचारों को उनके नमूने के अनुसार ढालें।

और इसका उलटा भी सत्य है। जब प्रेरितों के काम की पुस्तक में प्रेरितों या कलीसिया के द्वारा पात्रों की निन्दा हो रही है, तो हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि उनके कार्य बुरे थे, और यह कि हमें उनके नमूने का अनुसरण नहीं करना चाहिए। अब, इसका अर्थ यह नहीं है कि प्रेरितों के काम में केवल इसी प्रकार के निष्कर्ष हैं

जिन्हें लूका ने लिखा है। परन्तु बाइबल की कहानियों से कैसे उचित निष्कर्षों को निकालना है, इस बात को सीखने की शुरूआत करने के लिए वे आधुनिक पाठकों को अपेक्षाकृत मजबूत आधार प्रदान करती हैं।

प्रेरितों के काम के साहित्यिक चरित्र की इस समझ को अपने ध्यान में रखते हुए, हमें अब पहली शताब्दी और आधुनिक संसार के बीच की असंगतियों की ओर मुड़ना चाहिए जो उस तरीके को प्रभावित करती हैं जिस तरह से हम प्रेरितों के काम की पुस्तक को लागू करते हैं।

असंगतियाँ

हमें सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि यद्यपि बाइबल को हमारे लिए लिखा गया था, तौभी यह सीधे हमारे लिए नहीं लिखी गई थी। हम स्पष्ट तौर पर यह जानते हैं कि इसके वास्तविक प्राप्तकर्ता थियुफिलुस और पहली शताब्दी के लोग थे। इस कारण, कुछ मायनों में,जब हम लूका की पुस्तक को पढ़ते हैं तो हम उनके साथ पहली शताब्दी में मौजूद हैं। हम उनकी तुलना में उतना नहीं सुन रहे हैं जो लूका हम से कह रहा बल्कि हम वह सुन पा रहे हैं जो वह उन लोगों से कह रहा था। इसलिए, हमें यह आशा करनी चाहिए कि प्रेरितों के काम में कम से कम कुछ शिक्षाएँ थियुफिलुस और लूका के वास्तविक पाठकों की तुलना में हम पर भिन्न तरह से लागू होती हैं। यदि हम इन भिन्नताओं का ध्यान न रखते हुए, खाली वह बात दोहराएँ जो हम पवित्रशास्त्र में देखते हैं, तो हम बार-बार नुकसान भरे तरीकों से परमेश्वर के वचन को अनुचित रीति से लागू करेंगे।

लूका के और हमारे संसार के बीच इन अंसगतियों को हम दो तरीकों से सारांशित करेंगे। सबसे पहले, हम उनकी तुलना में भिन्न समय में रहते हैं। और दूसरा, यह संसार पहली शताब्दी से लेकर अब तक बहुत कुछ बदल गया है, इसी कारण लूका की तुलना में हमारे पास भिन्न परिस्थितियाँ, भिन्न स्थितियाँ हैं जिसमें उसने इस पुस्तक को सबसे पहले लिखा। हम इस तथ्य को पहले देखेंगे कि उन लोगों कि तुलना में जिन्होंने प्रेरितों के काम की पुस्तक को सबसे पहले प्राप्त किया था हम भिन्न समय में रहते हैं।

भिन्न समय

उदाहरण के लिए, यह हमारे लिए यह स्मरण रखना महत्वपूर्ण है कि प्रेरितों के काम की पुस्तक प्रेरितों के ऊपर केन्द्रित है, जो कि पहली शताब्दी में मसीह के आधिकारिक गवाह थे। छुटकारे के इतिहास में प्रेरितों के माध्यम से परमेश्वर के बहुत सारे कार्य उस समय और स्थान के लिए विशिष्ट थीं; वे मूलभूत और मौलिक उपलब्धियाँ थी जिन्हें कभी भी फिर से दोहराया नहीं जा सकता है। बस केवल एक उदाहरण के रूप में, प्रेरितों का मात्र अस्तित्व ही अद्वितीय था। जैसा कि हम बाद के अध्याय में देखेंगे, इसके बाद कभी भी दूसरा प्रेरित नहीं हो सकता है। पहला तो प्रेरित के पद की योग्यता हासिल करने के लिए, यह आवश्यक हो जाता है कि व्यक्ति ने पुनर्जीवित प्रभु को देखा हो। दूसरी बात यह कि, व्यक्ति को प्रेरित के पद पर प्रत्यक्ष रूप से परमेश्वर ने स्वयं नियुक्त किया हो। इसलिए, जबकि यह कहना तर्कसंगत होगा कि प्रेरितों के काम की पुस्तक हमें अपने कलीसियाई अगुवों को सम्मान देने और उनके अधीन होने के लिए कहती है, हमारे पास आज के दिनों में जीवित प्रेरित नहीं हैं। सबसे उत्तम बात जो हम कर सकते हैं वह है कि नए नियम में उनकी लिखी हुई गवाही के अधीन हो जाना।

दुर्भाग्य से, बहुत सारे मसीही समूहों ने प्रेरितों के काम की पुस्तक को मसीही जीवन के लिए एक ऐसे नमूने के तौर पर देखा है जिसे प्रत्येक युग में जैसे का तैसे ही पालन किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए,

प्रेरितों के काम 2:1-4 सिखाता है कि पवित्र आत्मा को नाटकीय, आश्चर्यचकित ढँग से पिन्तेकुस्त के दिन उण्डेल दिया गया, और जिन्होंने उन्हें प्राप्त किया वे विभिन्न भाषाओं और बोलियों में सुसमाचार की घोषणा करने लगे। यह एक विशेष घटना थी जो कि आत्मा का शुरूआत में उण्डेले जाने में घटित हुई थी ताकि प्रेरितों और अन्य आरम्भिक विश्वासियों को मसीह की सेवा के लिए सामर्थी बनाया जाए। इसी तरह की घटनाएँ प्रेरितों के काम में अक्सर घटित हुई हैं, परन्तु केवल प्रेरितों की कार्यों के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में। जो बात प्रेरितों के काम की पुस्तक में निरन्तर चलती रहती है वह तथ्य यह है कि प्रत्येक विश्वासी पवित्र आत्मा को प्राप्त करता है ताकि वह अपने चरित्र में परिवर्तित हो जाए और एक गवाह बन जाए। जो बात प्रेरितों के काम की पुस्तक में स्थिर नहीं है वह पवित्र आत्मा की विशेष अभिव्यक्तियों की उपस्थिति या उसका अभाव है। परन्तु फिर भी, कलीसिया की कुछ शाखाऐं इस बात पर जोर देती हैं कि आज के समय में भी सुसमाचार की घोषणा के साथ पवित्र आत्मा का अलग से भर जाना अन्य भाषाओं या बोलियों में सदैव अभिव्यक्त होना चाहिए। जब सही समझदार मसीही विश्वासी पहली शताब्दी और आज के दिनों में इन असंगतियों को घ्यान में रखने में असफल हो जाते हैं, तो वे प्रेरितों के काम की शिक्षाओं को अक्सर अनुचित तरीकों से लागू करने का प्रयास करते हैं।

भिन्न परिस्थितियाँ

और प्रेरितों के काम के मूल पाठकों की तुलना में विभिन्न समयों में रहने के अलावा, हमारे पास भिन्न परिस्थितियाँ भी हैं, जैसा कि भिन्न संस्कृतियाँ और व्यक्तिगत स्थितियाँ। प्रेरितों के काम की पुस्तक में सारी घटनाएँ पहली शताब्दी के ऐतिहासिक परिस्थितियों में घटित हुई, और लूका के लेखन के कई पहलू इन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों के अनुसार अनुकूल हैं।

दुर्भाग्य से, प्रेरितों के काम की शिक्षाओं के प्रति सच्चे रहने के प्रयास में, शताब्दियों से कई मसीही विश्वासी समूहों ने पहली शताब्दी की कलीसिया की सांस्कृतिक प्रथाओं पर लौटने की कोशिश की है। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम 5:42 में हम पढ़ते हैं कि कलीसिया व्यक्तिगत घरों में आराधना के लिए एकत्र होती थी। इसी आधार पर आज की कुछ मसीही विश्वासी लोग जोर देते हैं कि वर्तमान कलीसिया को घरों में आराधना के लिए एकत्र होना चाहिए न कि गिरजा घरों में। और प्रेरितों के काम 6:1 में हम पाते हैं कि यरूशलेम की कलीसिया विधवाओं के लिए भोजन का प्रबन्ध किया करती थी। परिणामस्वरूप, कुछ मसीही लोग आज यह जोर देते हैं कि प्रत्येक कलीसिया को अपनी सेवकाई में विधवाओं के लिए एक खाने की सेवा को होना चाहिए। अब इसमें कोई सन्देह नहीं है कि आज के समय घरों में आराधना के लिए एकत्र होना या विधवाओं के लिए भोजन की सेवा में स्वाभाविक तौर पर कुछ भी गलत नहीं है। परन्तु हमें पहचानना चाहिए कि ये प्रथाएँ पहली-शताब्दी की कलीसिया की परिस्थितियों के अनुकूल थीं। उदाहरण के लिए, सताव ने उन्हें घरों में आराधना के लिए मिलने को जरूरी कर दिया था। परन्तु संसार के उन भागों में जहाँ थोड़ा या कुछ भी सताव नहीं है, कलीसिया को घरों में आराधना के लिए एकत्र होने की कोई अवश्यकता नहीं है। जहाँ तक हमारी परिस्थितियाँ उनसे मेल खाती हैं, तो ये बाइबल के सिद्धान्तों का वैधानिक तौर पर लागू किया जाना हो सकता है। परन्तु जहाँ तक हमारी परिस्थितियाँ उनसे भिन्न हैं, तो हम बाइबल के इन सिद्धान्तों को भिन्न तरीकों से लागू करने के लिए बाध्य हैं।

वास्तव में, अक्सर प्रेरितों के काम की पुस्तक में भी हम पाते हैं कि एक ही सिद्धान्त को भिन्न तरीकों से लागू किया गया है। उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम 2:44-45 में, लूका ने यरूशलेम की कलीसिया के सदस्यों

के बारे में यह विवरण दिया है कि वे अपने संसाधनों का साझा उपयोग करते थे। परन्तु तौभी, प्रेरितों के काम की पुस्तक में ही हम पाते हैं कि पौलुस प्रेरित के द्वारा स्थापित कई कलीसियायें धनी नागरिकों या शहर के अगुवों के घरों में एकत्रित होती थीं, जिसमें साझेदारी वाले जीवन का कोई उल्लेख नहीं है, और न ही इस प्रथा की कोई आलोचना की गई है। आरम्भ से ही, कलीसिया ने यह पहचाना है कि बाइबल के उन्हीं सिद्धान्तों को उस रीति से लागू किया जाना चाहिए जो कि वर्तमान परिस्थितियों के लिए उचित हों। हमें दायित्वपूर्ण सबक के लिए सिर्फ नकल को एक विकल्प के रूप में लेने पर समझौता नहीं करना चाहिए।

प्रेरितों के काम की पुस्तक के साहित्यिक चरित्र, और लूका के दिनों और हमारे दिनों के बीच असंगितयों की विस्तृत रूपरेखा का वर्णन कर लेने के बाद, हमें पहली शताब्दी और आधुनिक संसार के बीच की कुछ विशेष निरन्तरताओं की ओर ध्यान करना चाहिए।

निरन्तरता

हम दोनों समय के विश्वासियों के बीच की निरन्तरताओं को यह कहते हुए सारांशित कर सकते हैं कि हमारे पास एक ही त्रिएक परमेश्वर है, जो कि पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के व्यक्तिव में विद्यमान है; एक ही उद्देश्य है, जो कि मसीह में परमेश्वर के राज्य का निर्माण करना है; और एक ही सुसमाचार, मुक्ति और छुटकारे का एक ही सन्देश है, जो हमसे यह चाहता है कि हम विश्वास, पश्चाताप और आज्ञाकारिता में प्रतिउत्तर दें। आइए सबसे पहले हम इस तथ्य की ओर देखें कि हमारे पास वही परमेश्वर है जैसा कि पहली शताब्दी के मसीह विश्वासियों के पास था।

एक ही परमेश्वर

लूका का मुक्ति के इतिहास का विवरण हमें स्मरण दिलाता है कि हम उस ही प्रभु यीशु मसीह की सेवा करते और गवाही देते हैं जिसकी सेवा प्रेरितों और आरम्भ की कलीसिया ने की। प्रत्येक मसीही विश्वासी को उसी ही पवित्र आत्मा के द्वारा सामर्थ्य दी गई है जो कि पहली शताब्दी में उपस्थित था। और हम उसी ही पिता के आदर और उसकी महिमा के लिए सब कुछ करते हैं। हमारा त्रिएक परमेश्वर बदला नही है।

परमेश्वर ने पहली शताब्दी में वैभवशाली तरीके से सुसमाचार के माध्यम से कार्य किया, और वह आज के दिनों में भी ऐसा ही करता है। यदि ऐसा जान पड़ता हो कि परमेश्वर आपके व्यक्तिगत जीवन से, या हमारी कलीसिया या संप्रदाय के जीवन से दूर है, तो बातें जैसी होनी चाहिए वैसी नही हो रही हैं। यदि हम परमेश्वर को कार्य करते हुए नहीं देख रहे हैं, जो कि खोए हुओं के लिए मुक्ति को ला रहा और अपनी कलीसिया का निर्माण कर रहा है, तब हमें पश्चाताप और विश्वास के साथ परमेश्वर की ओर उससे बिनती करते हुए मुड़ना चाहिए कि वह मुक्ति के इतिहास के अनुग्रहकारी कार्य को हमारे जीवनों और कलीसिया में जारी रखे।

एक ही परमेश्वर के होने के अलावा, मसीही विश्वासियों के पास आज एक ही उद्देश्य है जो कि प्रेरितों के काम की पुस्तक में कलीसिया के पास था।

एक ही उद्देश्य

प्रेरितों के काम की पुस्तक में, परमेश्वर का उद्देश्य मसीह के राज्य को प्रेरितों के द्वारा निर्माण करने का था। कलीसिया का पालन पोषण करते हुए और कलीसिया के आकार में सुसमाचार के द्वारा वृद्धि करते हुए उन्होंने इस उद्देश्य की ओर कार्य किया। परन्तु वे यह भी जानते थे कि पूरी पृथ्वी भर में परमेश्वर के राज्य को फैलाने के लिए बारह व्यक्तियों का कुछ वर्षों तक काम करने की तुलना में ज्यादा व्यक्ति और समय लगेगा, इसलिए उन्होंने कलीसिया को अपने साथ कार्य करने के लिए और अपनी मृत्यु के बाद भी इस कार्य को जारी रखने के लिए तैयार किया। हम ऐसा कह सकते हैं कि जैसे यीशु ने अपने राज्य के निर्माण कार्य को प्रेरितों को सौंपा था, वैसे ही प्रेरितों ने इस कार्य को कलीसिया को सौंपा है।

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि, राज्य के निर्माण का यह कार्य तब तक खत्म नहीं होगा जब तक मसीह अपनी महिमा में पुन: वापस नहीं आ जाता। इसलिए, आधुनिक कलीसिया का लक्ष्य अभी भी परमेश्वर के मिशन के अनुरूप होना चाहिए जो कि मसीह में उसके राज्य का निर्माण करना है, पूरे संसार को और सभी जीवनों को उसके स्वामित्व की अधीनता में लाना है। और इस कार्य को करने का एक मौलिक तरीका है कि मुक्ति, नैतिकता, धार्मिक चरित्र, सम्बन्धों, सुसमाचार प्रचार और जीवन के प्रत्येक विषयों के ऊपर प्रेरितों द्वारा दी गई शिक्षा के ऊपर हम निर्भर रहें। अतंत:, यदि हम मसीह का सम्मान और उसकी आज्ञा का पालन करना चाहें, तो कलीसिया को उसके प्रेरितों के अधिकारिक गवाही के अधीन समर्पित होना है।

उदाहरण के लिए, लूका ने सावधानी से उन विभिन्न तरीकों का विवरण दिया है जिसमें प्रेरितों ने कई संस्कृतियों और परिस्थितियों में उसके राज्य का विस्तार किया। और उनके नमूने का अनुकरण करते हुए, हम अपने दिनों में राज्य के लक्ष्य को उन्हीं जैसे माध्यमों का उपयोग करते हुए आगे बढ़ा सकते हैं। हाँ, हमें आधुनिक और प्राचीन संसार के बीच की असगंतियों के प्रकाश में समायोजन करने की आवश्यकता है। परन्तु क्योंकि हम स्वयं की कार्यसूची आगे बढ़ाने की बजाय परमेश्वर के घोषित मिशन को आगे बढ़ाते हैं, इसलिए इनके पीछे दिए हुए लक्ष्य और सिद्धान्त प्रत्येक पीढ़ी में एक जैसे ही रहते हैं।

अन्त में, एक ही परमेश्वर और एक ही उद्देश्य के साथ, आधुनिक मसीही विश्वासियों को पहली शताब्दी की कलीसिया की तरह ही एक ही सुसमाचार को प्रचार करने के लिए बुलाहट दी गई है।

एक ही सुसमाचार

यह बात कोई मायने नहीं रखती है कि संसार कितना ज्यादा बदल जाए, एक बात सदैव बनी रहती है: मानव जाति परमेश्वर के विरुद्ध पापमय विद्रोह में पतित हैं और उससे विमुख हैं, और उन्हें छुटकारे की सख्त आवश्यकता है। हम सभों को उसी एक मुक्ति की आवश्यकता है। और वह मुक्ति मसीह में उपलब्ध है, जब वह हमारे पापों को क्षमा करता और हमें अपने राज्य में ले आता है। यही वह सुसमाचार है जिसकी शिक्षा प्रेरितों ने पहली शताब्दी में दी। यही वह सन्देश जिसको लूका ने प्रेरितों के काम की पुस्तक में घोषित किया। और यही वह सुसमाचार है जिसे हमें आज भी अपनाना चाहिए और इसके अधीन होना चाहिए।

और यह सन्देश साधारण है। जैसा कि पौलुस और सीलास ने फिलिप्पियों के दरोगा से प्रेरितों के काम 16:31 में कहा था कि:

प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास कर, और तू और तेरा घराना उद्धार पाएगा (प्रेरितों के काम 16:31)।

इस सरल संदेश का गहरा प्रभाव पड़ता है। यह हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक जीवनों के प्रत्येक पहलुओं को, परिवर्तित होने के लिए चुनौती देते हुए प्रभावित है, ताकि हम इस संसार में उसके सुसमाचारीय गवाह बने।

यही सुसमाचार सभी स्थानों और सभी समयों में सभी लोगों के लिए एक जैसा ही रहता है। सभी लोगों को मसीह में भरोसा करने और अपने पापमय विद्रोह से पश्चाताप करने के लिए बुलाहट दी गई है। सभी लोगों को उसके स्वामित्व के अधीन होना है और उसके राज्य को निर्माण करना है। इस बुलाहट को हमारे दिनों में प्रत्येक व्यक्ति के पास जाना चाहिए, बिल्कुल उसी तरह से जैसे यह प्रेरितों के दिनों में पूरे संसार भर में घोषित किया गया था। आज्ञाकारिता का यह आह्वान् यहूदी और अन्य जातियों, धनी और गरीब, पुरूष और स्त्री, सम्मानित और त्यागे हुओं के लिए है। यह सभी तरह के अवरोधों और रूकावटों पर विजय प्राप्त करती है, क्योंकि यह राज्य करने वाले मसीह के शब्द हैं, जिन्हें उसके पवित्र आत्मा से सशक्त किया गया है, जो उसके पिता की महिमा के लिए है। जैसा कि प्रेरितों के काम की पुस्तक हमें शिक्षा देती है, कोई भी आजमाईश, कोई भी तनाव, कोई भी विरोध इतना शक्तिशाली नहीं है कि छुटकारे के विकास और विस्तार को रोक सके। इसीलिए आधुनिक विश्वासियों को प्रेरितों के सुसमाचार की पुष्टि करने और घोषणा करने में सच्चा और निडर होना चाहिए, सभी को पश्चाताप और मसीह में विश्वास के लिए बुलाहट देनी चाहिए, औरउन्हें परमेश्वर के राज्य में निष्ठावान् नागरिक के रूप में जोड़ना चाहिए।

सारांश

इस अध्याय में हमने उन आलंकारिक रणनीतियों को देखा जिन्हें प्रेरितों के काम की पुस्तक में लूका ने उपयोग किया, उसके लेखन कार्य की विषय-सामग्री को, और उसकी शिक्षाओं के आधुनिक उपयोगों की ओर पहले उचित कदमों को देखा। इन विषयों पर हमारी खोज को आज के हमारे दिनों में उसकी आधिकारिक शिक्षाओं के द्वारा समझ, सराहना, और जीवन जीने के तरीके को प्रदान करना चहिए।

कई तरीकों से, प्रेरितों के काम की पुस्तक मसीह के समय और आधुनिक कलीसिया के समय के बीच एक द्वार के रूप में कार्य करती है। यह हमें समझाती है कि मसीह के व्यक्तित्व, कार्य और शिक्षाओं को आरम्भ की कलीसिया ने कैसे समझा और लागू किया था, और यह उन तरीकों के लिए नींव डालती है जिसमें आधुनिक मसीहों को उनके अपने जीवनों में इन्हीं विचारों को समझना एवं लागू करना है। इसलिए जितना ज्यादा हम प्रेरितों के काम में लूका के उद्देश्यों और तरीकों को पहचानने में सक्षम होंगे उतना ही ज्यादा हम उन तरीकों में जीवन यापन करने के लिए सुसज्जित होंगे जो हमारे पुनर्जीवित राजा को सम्मानित और उसकी सेवा करता हो।